'अभिधान राजेन्द्र कोष में, सूक्ति-सुधारस' (१ से ७ खण्ड) नामक इस कृति का प्रणयन पूज्या साध्वीश्री डॉ. प्रियदर्शनाश्रीजी एवं डॉ. सुदर्शनाश्रीजी ने किया है । वस्तुतः यह कृति अभिधानराजेन्द्रकोष में आई हुई महत्त्वपूर्ण सूक्तियों का अनूठा आलेखन हैं । लगभग एक शताब्दि पूर्व ईस्वीसन् १८९० आश्विन शुक्ला दूज के दिन शुभ लग्न में इस कोष ग्रन्थ का प्रणयन प्रारम्भ हुआ और पूज्य आचार्य भगवन्त श्रीमद् राजेन्द्रसूरिजी के अथक प्रयासों से लगभग १४ वर्ष में यह पूर्ण हुआ फिर इसके प्रकाशन की प्रक्रिया प्रारम्भ हुई जो पुनः १७ वर्षो में पूर्ण हुई । जैनधर्म सम्बन्धी विश्वकोषों में यह कोष ग्रन्थ आज भी सर्वोपरि स्थान रखता है । प्रस्तुत कोष में जैन धर्म, दर्शन, संस्कृति और साहित्य से सम्बन्धित महत्त्वपूर्ण शब्दों का अकारादि क्रम से विस्तारपूर्वक विवेचन उपलब्ध होता है । इस विवेचना में लगभग शताधिक ग्रन्थों से सन्दर्भ चुने गये हैं । प्रस्तुत कृति में साध्वी-द्वय ने इसी कोषग्रन्थ को आधार बनाकर सूक्तियों का आलेखन किया हैं । उन्होंने अभिधान राजेन्द्र कोष के प्रत्येक खण्ड को आधार मानकर इस 'सूक्ति-सुधारस' को भी सात खण्डों में ही विभाजित किया हैं । इसके प्रथम खण्ड में अभिधान राजेन्द्र कोष के प्रथम भाग से सूक्तियों का आलेखन किया है । यही क्रम आगे के खण्डों में भी अपनाया गया हैं । 'सूक्ति-सुधारस' के प्रत्येक खण्ड का आधार अभिधान राजेन्द्र कोष का प्रत्येक भाग ही रहा हैं । अभिधान राजेन्द्र कोष के प्रत्येक भाग को आधार बनाकर सूक्तियों का संकलन करने के कारण सूक्तियों को न तो अकारादिक्रम से प्रस्तुत किया गया है और न उन्हें विषय के आधार पर ही वर्गीकृत किया गया हैं, किन्तु पाठकों की सुविधा के लिए परिशिष्ट में अकारादिक्रम से एवं विषयानुक्रम से शब्द-सूचियाँ दे दी गई हैं, इससे जो पाठक अकारादि क्रम से अथवा विषयानुक्रम से इन्हें जानना चाहे उन्हें भी सुविधा हो सकेगी । इन परिशिष्टों के माध्यम से प्रस्तुत कृति अकारादिक्रम अथवा विषयानुक्रम की कमी की पूर्ति कर देती है । प्रस्तुतकृति में प्रत्येक

सूक्ति के अन्त में अभिधान राजेन्द्र कोष के सन्दर्भ के साथ-साथ उस मूल ग्रन्थ का भी सन्दर्भ दे दिया गया है, जिससे ये सूक्तियाँ अभिधान राजेन्द्र कोष में अवतरित की गई। मूलग्रन्थों के सन्दर्भ होने से यह कृति शोध-छात्रों के लिए भी उपयोगी बन गई हैं।

वस्तुतः सूक्तियाँ अतिसंक्षेप में हमारे आध्यात्मिक एवं सामाजिक जीवन मूल्योंको उजागर कर व्यक्ति को सम्यक्जीवन जीने की प्रेरणा देती हैं। अतः ये सूक्तियाँ जन साधारण और विद्वत् वर्ग सभी के लिए उपयोगी हैं। आबाल-वृद्ध उनसे लाभ उठा सकते हैं। साध्वीद्वय ने परिश्रमपूर्वक जो इन सूक्तियों का संकलन किया है वह अभिधान राजेन्द्र कोष रूपी महासागर से रत्नों के चयन के जैसा हैं। प्रस्तुत कृति में प्रत्येक सूक्ति के अन्त में उसका हिन्दी भाषा में अर्थ भी दे दिया गया है, जिसके कारण प्राकृत और संस्कृत से अनभिज्ञ सामान्य व्यक्ति भी इस कृति का लाभ उठा सकता हैं। इन सूक्तियों के आलेखन में लेखिका-द्वय ने न केवल जैनग्रन्थों में उपलब्ध सूक्तियों का संकलन/संयोजन किया है, अपितु वेद, उपनिषद्, गीता, महाभारत, पंचतन्त्र, हितोपदेश आदि की भी अभिधान राजेन्द्र कोष में गृहीत सूक्तियों का संकलन कर अपनी उदारहृदयता का परिचय दिया है। निश्चय ही इस महनीय श्रम के लिए साध्वी-द्वय-पूज्या डॉ. प्रियदर्शनाश्रीजी एवं डॉ. सुदर्शनाश्रीजी साधुवाद की पात्रा हैं। अन्त में मैं यही आशा करता हूँ कि जन सामान्य इस 'सूक्ति-सुधारस' में अवगाहन कर इसमें उपलब्ध सुधारस का आस्वादन करता हुआ अपने जीवन को सफल करेगा और इसी रूप में साध्वी द्वय का यह श्रम भी सफल होगा।

दिनांक 31-6-1998
पार्श्वनाथ विद्याश्रम शोध-संस्थान
वाराणसी (उ.प्र.)

13

मन्तव्य

विद्याव्रती
शास्त्र सिद्धान्त रहस्य विद् ?
— पं. गोविन्दराम व्यास

उक्तियाँ और सूक्त-सूक्तियाँ वाङ्‌मय वारिधि की विवेक वीचियाँ हैं। विद्या संस्कार विमर्शिता विगत की विवेचनाएँ हैं । विवर्द्धित-वाङ्मय की वैभवी विचारणाएँ हैं । सार्वभौम सत्य की स्तुतियाँ हैं । प्रत्येक पल की परमार्शदायिनी-पारदर्शिनी प्रज्ञा पारमिताएँ हैं । समाज, संस्कृति और साहित्य की सरसता की छवियाँ हैं । क्रान्तदर्शी कोविदों की पारदर्शिनी परिभाषाएँ हैं। मनीषियों की मनीषा की महत्त्व प्रतिपादिनी पीपासाएँ हैं । क्रूर-काल के कौतुकों में भी आयुष्मती होकर अनागत का अवबोध देती रही हैं । ऐसी सूक्तियों को सश्रद्ध नमन करता हुआ वागृदेवता का विद्या-प्रिय विप्र होकर वाङ् मयी पूजा में प्रयोगवान् बन रहा हूँ ।

श्रमण-संस्कृति की स्वाध्याय में स्वात्म-निष्ठ निराली रही है । आचार्य हरिभद्र, अभय, मलय जैसे मूर्धन्य महामतिमान्, सिद्धसेन जैसे शिरोमणि, सक्षम, श्रद्धालु जिनभद्र जैसे - क्षमाश्रमणों का जीवन वाङ्‌मयी वरिवस्या का विशेष अंग रहा है ।

स्वाध्याय का शोभनीय आचार अद्यावधि-हमारे यहाँ अक्षुण्ण पाया जाता है । इसीलिए स्वाध्याय एवं प्रवचन में अप्रमत्त रहने का समादश शास्त्रकारों ने स्वीकार किया है ।

वस्तुतः नैतिक मूल्यों के जागरण के लिए, आध्यात्मिक चेतना के ऊर्ध्वीकरण के लिए एवं शाश्वत मूल्यों के प्रतिष्ठापन के लिए आर्याप्रवरा द्वय द्वारा रचित प्रस्तुत ग्रन्थ 'अभिधान राजेन्द्र कोष में, जैनदर्शन वाटिका' एक उपादेय महत्त्वपूर्ण गौरवमयी रचना है ।

आत्म-अभ्युदयशीला, स्वाध्याय-परायणा, सतत अनुशीलन उज्ज्वला आर्या डॉ. श्री प्रियदर्शनाजी एवं डॉ. श्री सुदर्शनाजी की शास्त्रीय-साधना सराहनीया है । इन्होंने अपने आम्नाय के आद्य-पुरुष की प्रतिभा का परिचय प्राप्त करने का प्रयास कर अपनी चारित्र-सम्पदा को वाङ्‌मयी साधना में

समर्पिता करती हुई 'विश्वपूज्य' (श्रीमद् राजेन्द्रसूरि : जीवन-सौरभ') का रहस्योद्घाटन किया है ।

विदुषी श्रमणी द्वय ने प्रस्तुत कृति 'अभिधान राजेन्द्र कोष में, सूक्ति-सुधारस' (1 से 7 खण्ड) को कोषों के कारागारों से मुक्तकर जीवन की वाणी में विशद करने का विश्वास उपजाया है । अतः आर्या युगल, इसप्रकार की वाङ्मयी-भारती भक्ति में भूषिता रहें एवं आत्मतोष में तोषिता होकर सारस्वत इतिहास की असामान्या विदुषी बनकर वाङ्मय के प्रांगण की प्रोन्नता भूमिका निभाती रहें । यही मेरा आत्मीय अमोघ आशीर्वाद है ।

इनका विद्या-विवेकयोग, श्रुतों की समाराधना में अच्युत रहे, अपनी निरहंकारिता को अतीव निर्मला बनाता रहे और उत्तरोत्तर समुत्साह-समुन्नत होकर स्वान्तः सुख को समुल्लसित रचता रहे । यही सदाशया शोभना शुभाकांक्षा है ।

चैत्रसुदी 5 बुध
1 अप्रैल, 98
हरजी
जिला - जालोर (राज.)

— *पं. जयनंदन झा,*
व्याकरण साहित्याचार्य,
साहित्य रत्न एवं शिक्षाशास्त्री

मनुष्य विधाता की सर्वोत्तम सृष्टि है। वह अपने उदात्त मानवीय गुणों के कारण सारे जीवों में उत्तरोत्तर चिन्तनशील होता हुआ विकास की प्रक्रिया में अनवरत प्रवर्धमान रहा है। उसने पुरुषार्थ चतुष्टय की प्राप्ति ही जीवन का परम ध्येय माना है, पर ज्ञानीजन ने इस संसार को ही परम ध्येय न मानकर अध्यात्म ज्ञान को ही सर्वोपरि स्थान दिया है। अतः जीवन के चरम लक्ष्य मोक्ष-प्राप्ति में धर्म, अर्थ और काम को केवल साधन मात्र माना है।

इसलिये अध्यात्म चिन्तन में भारत विश्वमंच पर अति श्रद्धा के साथ प्रशंसित रहा है। इसकी धर्म सहिष्णुता अनोखी एवं मानवमात्र के लिये अनुकरणीय रही है। यहाँ वैष्णव, जैन तथा बौद्ध धर्माचार्यों ने मिलकर धर्म की तीन पवित्र नदियों का संगम "त्रिवेणी" पवित्र तीर्थ स्थापित किया है जहाँ सारे धर्माचार्य अपने-अपने चिन्तन से सामान्य मानव को भी मिल-बैठकर धर्मचर्चा के लिये विवश कर देते हैं। इस क्षेत्र में किस धर्म का कितना योगदान रहा है, यह निर्णय करना अल्प बुद्धि साध्य नहीं है।

पर, इतना निर्विवाद है कि जैन मनीषी और सन्त अपनी-अपनी विशिष्ट विशेषताओं के लिये आत्मोत्कर्ष के क्षेत्र में तपे हुए मणि के समान सहस्र-सूर्य-किरण के कीर्तिस्तम्भ से भारतीय दर्शन को प्रोद्भासित कर रहे हैं, जो काल की सीमा से रहित है। जैनधर्म व दर्शन शाश्वत एवं चिरन्तन है, जो विविध आयामों से इसके अनेकान्तवाद को परिभाषित एवं पुष्ट कर रहे हैं। ज्ञान और तप तो इसकी अक्षय निधि है।

जैन धर्म में भी मन्दिर मार्गी-त्रिस्तुतिक परम्परा के सर्वोत्कृष्ट साधक जैनधर्माचार्य "श्रीमद् राजेन्द्रसूरीश्वरजी म. सा. अपनी तपःसाधना और ज्ञानमीमांसा से परमपूत होने के कारण सार्वकालिक सार्वजनीन वन्द्य एवं प्रातः स्मरणीय भी हैं जिनका सम्पूर्ण जीवन सर्वजन हिताय एवं सर्वजन सुखाय समर्पित रहा है। इनका सम्पूर्ण-जीवन अथाह समुद्र की भाँति है, जहाँ निरन्तर गोता लगाने

पर केवल रत्न की ही प्राप्ति होती है, पर यह अमूल्य रत्न केवल साधक को ही मिल पाता है। साधक की साधना जब उच्च कोटि की हो जाती है तब साध्य संभव हो पाता है। राजेन्द्र कोष तो इनकी अक्षय शब्द मंजूषा है, जो शब्द यहाँ नहीं है, वह अन्यत्र कहीं नहीं है।

ऐसे महान् मनीषी एवं सन्त को अक्षरशः समझाने के लिये डॉ. प्रियदर्शनाश्री जी एवं डॉ. सुदर्शनाश्री जी साध्वीद्वय ने (१) अभिधान राजेन्द्र कोष में, "सूक्ति-सुधारस" (१ से ७ खण्ड) (२) अभिधान राजेन्द्र कोष में, "जैनदर्शन वाटिका" तथा (३) 'विश्वपूज्य' (श्रीमद् राजेन्द्र सूरि : जीवन-सौरभ) इन अमूल्य ग्रन्थों की रचना कर साधक की साधना को अतीव सरल बना दिया है। परम पूज्या ! साध्वीद्वय ने इन ग्रन्थों की रचना में जो अपनी बुद्धिमत्ता एवं लेखन-चातुर्य का परिचय दिया है वह स्तुत्य ही नहीं; अपितु इस भौतिकवादी युग में जन-जन के लिये अध्यात्मक्षेत्र में पाथेय भी बनेगा। मैंने इन ग्रन्थों का विहंगम अवलोकन किया है। भाषा की प्रांजलता और विषयबोध की सुगमता तो पाठक को उत्तरोत्तर अध्ययन करने में रूचि पैदा करेगी, वह सहज ही सबके लिये हृदयग्राहिणी बनेगी। यही लेखिकाद्वय की लेखनी की सार्थकता बनेगी।

अन्त में यहाँ यह कथन अतिशयोक्तिपूर्ण नहीं होगा कि "रघुवंश" महाकाव्य-रचना के प्रारंभ में कालिदास ने लिखा है कि "तितीर्षुर्दुस्तरं मोहादुडुपेनास्मि सागरम्" पर वही कालिदास कवि सम्राट् कहलाये। इसीतरह आप दोनों का यह परम लोकोपकारी अथक प्रयास भौतिकवादी मानवमात्र के लिये शाश्वत शान्ति प्रदान करने में सहायक बन पायेगा। इति। शुभम्।

25-7-98
3घ - 12 मधुबन हा. बो.
बासनी, जोधपुर

पं. हीरालाल शास्त्री
एम.ए.

विदुषी साध्वीद्वय डॉ. प्रियदर्शना श्री एम. ए., पीएच. डी. एवं डॉ. सुदर्शनाश्री एम. ए. पीएच. डी. द्वारा रचित ग्रन्थ 'अभिधान राजेन्द्र कोष में, सूक्ति-सुधारस' (1 से 7 खण्ड) सुभाषित सूक्तियों एवं वैदुष्यपूर्ण हृदयग्राही वाक्यों के रूप में एक पीयूष सागर के समान है ।

आज के गिरते नैतिक मूल्यों, भौतिकवादी दृष्टिकोण की अशान्ति एवं तनावभरे सांसारिक प्राणी के लिए तो यह एक रसायन है, जिसे पढ़कर आत्मिक शान्ति, दृढ इच्छा-शक्ति एवं नैतिक मूल्यों की चारित्रिक सुरभि अपने जीवन के उपवन में व्यक्ति एवं समष्टि की उदात्त भावनाएँ गहगहायमान हो सकेगी, यह अतिशयोक्ति नहीं, एक वास्तविकता है ।

आपका प्रयास स्वान्तःसुखाय लोकहिताय है । 'सूक्ति-सुधारस' जीवन में संघर्षों के प्रति साहस से अडिग रहने की प्रेरणा देता है ।

ऐसे सत्साहित्य 'सत्यं शिवं सुन्दरम्' की महक से व्यक्ति को जीवंत बनाकर आध्यात्मिक शिवमार्ग का पथिक बनाते हैं ।

आपका प्रयास भगीरथ प्रयास है ।

भविष्य में शुभ कामनाओं के साथ ।

महावीर जन्म कल्याणक, गुरुवार
दि. 9 अप्रैल, 1998
ज्योतिष-सेवा
राजेन्द्रनगर
जालोर (राज.)

निवृत्तमान संस्कृत व्याख्याता
राज. शिक्षा-सेवा
राजस्थान

— डॉ. अखिलेशकुमार राय

साध्वीद्वय डो. प्रियदर्शनाश्रीजी एवं डो. सुदर्शनाश्रीजी द्वारा रचित प्रस्तुत ुस्तक का मैंने आद्योपान्त अवलोकन किया है। इनकी रचना 'सूक्ति-सुधारस' i से 7 खण्ड) में श्रीमद् राजेन्द्रसूरीश्वर जी की अमरकृति 'अभिधान राजेन्द्र ोष' के प्रत्येक भाग को आधार बनाकर कुछ प्रमुख सूक्तियों का सुंदर-सरस सरल हिन्दी भाषा में अनुवाद प्रस्तुत किया गया है। साध्वीद्वय का यह कल्प है कि 'अभिधान राजेन्द्र कोष' में उपलब्ध लगभग २७०० सूक्तियों ा सात खण्डों में संचयन कर सर्वसाधारण के लिये सुलभ कराया जाय। सप्रकार का अनूठा संकल्प अपने आपमें अद्वितीय कहा जा सकता है। मेरा श्वास है कि ऐसी सूक्ति सम्पन्न रचनाओं से पाठकगण के चरित्र निर्माण ो दिशा निर्धारित होगी।

अब सुहृद्जनों का यह पुनीत कर्तव्य है कि वे इसे अधिक से अधिक ोगों के पठनार्थ सुलभ करायें। मैं इस महत्त्वपूर्ण रचना के लिये साध्वीद्वय ो सराहना करता हूँ; इन्हें साधुवाद देता हूँ और यह शुभकामना प्रकट करता कि ये इसप्रकार की और भी अनेक रचनायें समाज को उपलब्ध करायें।

नांक 9 अप्रैल, 1998
त्र शुक्ला त्रयोदशी
/1 प्रोफेसर कालोनी,
हाराजा कोलेज,
तरपुर (म.प्र.)

— *डॉ. अमृतलाल गाँधी*
सेवानिवृत्त प्राध्यापक,

सम्यग्ज्ञान की आराधना में समर्पिता विदुषी साध्वीद्वय डॉ. प्रियदर्शनाश्रीजी म. एवं डॉ. सुदर्शना श्रीजी म. ने 'सूक्ति-सुधारस' (1 से 7 खण्ड) की 2667 सूक्तियों में अभिधान राजेन्द्र कोष के मन्थन का मक्खन सरल हिन्दी भाषा में प्रस्तुत कर जनसाधारण की सेवार्थ यह ग्रन्थ लिखकर जैन साहित्य के विपुल ज्ञान भण्डार में सराहनीय अभिवृद्धि की है। साध्वीद्वय ने कोष के सात भागों की सूक्तियों / सुकथनों की अलग-अलग सात खण्डों में व्याख्या करने का सफल सुप्रयास किया है, जिसकी मैं सराहना एवं अनुमोदना करते हुए स्वयं को भी इस पवित्र ज्ञानगंगा की पवित्र धारा में आंशिक सहभागी बनाकर सौभाग्यशाली मानता हूँ।

वस्तुतः अभिधान राजेन्द्र कोष पयोनिधि है। पूज्या विदुषी साध्वीद्वयने सूक्ति-सुधारस रचकर एक ओर कोष की विश्वविख्यात महिमा को उजागर किया है और दूसरी ओर अपने शुभ श्रम, मौलिक अनुसंधान दृष्टि, अभिनव कल्पना और हंस की तरह मुक्ताचयन की विवेकशीलता का परिचय दिया है।

मैं उनको इस महान् कृति के लिए हार्दिक बधाई देता हूँ।

दिनांक : 16 अप्रैल, 1998
738, नेहरूपार्क रोड,
जोधपुर (राजस्थान)

जयनारायण व्यास विश्व विद्यालय,
जोधपुर

— भागचन्द जैन कवाड
प्राध्यापक (अंग्रेजी)

प्रस्तुत ग्रंथ "अभिधान राजेन्द्र कोष में, सूक्ति-सुधारस" (1 से 7 खण्ड) 5 परिशिष्टों में विभक्त 2667 सूक्तियों से युक्त एक बहुमूल्य एवं अमृत कणों से परिपूर्ण ग्रन्थ है। विश्वपूज्य श्रीमद् राजेन्द्रसूरिजी द्वारा प्रस्तुत ग्रन्थ में अन्यान्य उपयोगी जीवन दर्शन से सम्बन्धित विषयों का समावेश किया गया है। उदाहरण स्वरूप जीवनोपयोगी, नैतिकता तथा आध्यात्मिक जगत् को स्पर्श करने वाले विषय यथा – 'धर्म में शीघ्रता', 'आत्मवत् चाहो', 'समाधि', 'किञ्चिद् श्रेयस्कर', 'अकथा', 'क्रोध परिणाम', 'अपशब्द', सच्चा भिक्षु, धीर साधक, पुण्य कर्म, अजीर्ण, बुद्धियुक्त वाणी, बलप्रद जल, सच्चा आराधक, ज्ञान और कर्म, पूर्ण आत्मस्थ, दुर्लभ मानव-भव, मित्र-शत्रु कौन ?, कर्त्ता-भोक्ता आत्मा, रत्नपारखी, अनुशासन, कर्म विपाक, कल्याण कामना, तेजस्वी वचन, सत्योपदेश, धर्मपात्रता, स्याद्वाद आदि।

सर्वत्र ग्रन्थ में अमृत-कणों का कलश छलक रहा है तथा उनकी सुवास व्याप्त है जो पाठक को भाव विभोर कर देती है, वह कुछ क्षणों के लिए अतिशय आत्मिक सुख में लीन हो जाता है। विदुषी महासतियाँ द्वय डॉ. प्रियदर्शना श्री जी एवं डॉ. सुदर्शना श्री जी ने अपनी प्रखर लेखनी के द्वारा गूढ़तम विषयों को सरलतम रूप से प्रस्तुत कर पाठकों को सहज भाव से सुधा का पान कराया है। धन्य है उनकी अथक साधना लगन व परिश्रम का सुफल जो इस धरती पर सर्वत्र आलोक किरणें बिखेरेगा और धन्य एवं पुलकित हो उठेंगे हम सब।

चैत्र शुक्ला त्रयोदशी
दिनांक 9 अप्रैल 1998
अजय निवास,
कचहरी रोड,
किशनगढ़ शहर (राज.)

अग्रवाल गर्ल्स कोलेज
मदनगंज (राज.)

दर्पण

19

'अभिधान राजेन्द्र कोष में, सूक्ति-सुधारस' ग्रन्थ का प्रकाशन 7 खण्डों
हुआ है। प्रथम खण्ड में 'अ' से 'ह' तक के शीर्षकों के अन्तर्गत सूक्तियाँ
ोयी गई हैं। अन्त में अकारादि अनुक्रमणिका दी गई हैं। प्रायः यही क्रम
क्ति सुधारस' के सातों खण्डों में मिलेगा। शीर्षकों का अकारादि क्रम है।
र्क सूची विषयानुक्रम आदि हर खण्ड के अन्त में परिशिष्ट में दी गई है।
क के लिए परिशिष्ट में उपयोगी सामग्री संजोयी गई है। प्रत्येक खण्ड में
परिशिष्ट हैं। प्रथम परिशिष्ट में अकारादि अनुक्रमणिका, द्वितीय परिशिष्ट में
यानुक्रमणिका, तृतीय परिशिष्ट में अभिधान राजेन्द्र : पृष्ठ संख्या, अनुक्रमणिका,
र्थ परिशिष्ट में जैन एवं जैनेतर ग्रन्थः गाथा/श्लोकादि अनुक्रमणिका और
म परिशिष्ट में 'सूक्ति-सुधारस' में प्रयुक्त सन्दर्भ-ग्रन्थ सूची दी गई है।
खण्ड में यही क्रम मिलेगा। 'सूक्ति-सुधारस' के प्रत्येक खण्ड में सूक्ति
क्रम इसप्रकार रखा गया है कि सर्व प्रथम सूक्ति का शीर्षक एवं मूल सूक्ति
गई है। फिर वह सूक्ति अभिधान राजेन्द्र कोष के किस भाग के किस
से उद्धृत है। सूक्ति-आधार ग्रन्थ कौन-सा है ? उसका नाम और वह
ाँ आयी है, वह दिया है। अन्त में सूक्ति का हिन्दी भाषा में सरलार्थ दिया
ा है।

सूक्ति-सुधारस के प्रथम खण्ड में 251 सूक्तियाँ हैं।
सूक्ति-सुधारस के द्वितीय खण्ड में 259 सूक्तियाँ हैं।
सूक्ति-सुधारस के तृतीय खण्ड में 289 सूक्तियाँ हैं।
सूक्ति-सुधारस के चतुर्थ खण्ड में 467 सूक्तियाँ हैं।
सूक्ति-सुधारस के पंचम खण्ड में 471 सूक्तियाँ हैं।
सूक्ति-सुधारस के षष्टम खण्ड में 607 सूक्तियाँ हैं।
सूक्ति-सुधारस के सप्तम खण्ड में 323 सूक्तियाँ हैं।

कुल मिलाकर 'सूक्ति सुधारस' के सप्त खण्डों में 2667 सूक्तियाँ हैं।
ग्रन्थ में न केवल जैनागमों व जैन ग्रन्थों की सूक्तियाँ हैं, अपितु वेद,

उपनिषद, गीता, महाभारत, आयुर्वेद शास्त्र, ज्योतिष, नीतिशास्त्र, पुराण, स्मृति, पंचतन्त्र, हितोपदेश आदि ग्रन्थों की भी सूक्तियाँ हैं ।

1. विश्वपूज्य प्रणीत सम्पूर्ण वाङ्मय
2. लेखिका द्वय की महत्त्वपूर्ण कृतियाँ

‘विश्वपूज्यः’ जीवन–दर्शन

20

महिमामण्डित बहुरत्नावसुन्धरा से समलंकृत परम पावन भारतभूमि की वीर प्रसविनी राजस्थान की ब्रजधरा भरतपुर में सन् 1827 - 3 दिसम्बर को पौष शुक्ला सप्तमी, गुरुवार के शुभ दिन एक दिव्य नक्षत्र संतशिरोमणि विश्वपूज्य आचार्य श्रीमद् राजेन्द्रसूरिजी ने जन्म लिया, जिन्होंने अस्सी वर्ष की आयु तक लोकमाङ्गल्य की गंगधारा समस्त जगत् में प्रवाहित की ।

उनका जीवन भारतीय संस्कृति को पुनर्जीवित करने के लिए समर्पित हुआ ।

वह युग अँग्रेजी राज्य की धूमिल घन घटाओं से आच्छादित था। पाश्चात्त्य संस्कृति की चकाचौंध ने भारत की सरल आत्मा को कुण्ठित कर दिया था। नव पीढ़ी ईसाई मिशनरियों के धर्मप्रचार से प्रभावित हो गई थी। अँग्रेजी शासन में पद-लिप्सा के कारण शिक्षित युवापीढ़ी अतिशय आकर्षित थी ।

ऐसे अन्धकारमय युग में भारतीय संस्कृति की गरिमा को अक्षुण्ण रखने के लिए जहाँ एक ओर राजा राममोहनराय ने ब्रह्मसमाज की स्थापना की, तो दूसरी ओर दयानन्द सरस्वती ने वैदिक धर्म का शंखनाद किया। उसी युग में पुनर्जागरण के लिए प्रार्थना समाज और एनी बेसेन्ट ने थियोसोफिकल सोसायटी की स्थापना की। 1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम को अँग्रेजी शासन की तोपों ने कुचल दिया था। भारतीय जनता को निराशा और उदासीनता ने घेर लिया था।

जागृति का शंखनाद फूँकने के लिए लोकमान्य बालगंगाधर तिलक ने यह उद्घोषणा की – 'स्वराज्य मेरा जन्मसिद्ध अधिकार है।' महामना मदनमोहन मालवीय ने बनारस हिन्दु विश्वविद्यालय की स्थापना की ।

श्री मोहनदास कर्मचन्द गान्धी (राष्ट्रपिता - महात्मा गाँधी) को महान् संत श्रीमद् राजचन्द्र की स्वीकृति से उनके पिताश्री कर्मचन्दजी ने इंग्लैंड में बार-एट-लॉ उपाधि हेतु भेजा । गाँधीजी ने महान् संत श्रीमद् राजचन्द्र की तीन प्रतिज्ञाएँ पालन कर भारत की गौरवशालिनी संस्कृति को उजागर किया। ये तीन प्रतिज्ञाएँ थीं — 1. मांसाहार त्याग 2. मदिरापान त्याग और 3. ब्रह्मचर्य का पालन। ये प्रतिज्ञाएँ भारतीय संस्कृति की रवि-रश्मियाँ हैं, जिनके प्रकाश से भारत जगद्गुरु के पद पर प्रतिष्ठित हैं, परन्तु आँग्ल शासन ने हमारी उज्ज्वल संस्कृति को नष्ट करने का भरसक प्रयास किया ।

ऐसे समय में अनेक दिव्य एवं तेजस्वी महापुरुषों ने जन्म लिया जिनमें श्री रामकृष्ण परमहंस, स्वामी विवेकानंद, श्री आत्मारामजी (सुप्रसिद्ध जैनाचार्य श्रीमद् विजयानन्द सूरिजी) एवं विश्वपूज्य श्रीमद् राजेन्द्रसूरिजी म. आदि हैं।

श्रीमद् राजेन्द्रसूरिजी ने चरित्र निर्माण और संस्कृति की पुनर्स्थापना के लिए जो कार्य किया, वह स्वर्णाक्षरों में अङ्कित है । एक ओर उन्होंने भारतीय साहित्य के गौरवशाली, चिन्तामणि रत्न के समान 'अभिधान राजेन्द्र कोष' को सात खण्डों में रचकर भारतीय वाङ्मय को विश्व में गौरवान्वित किया, तो दूसरी ओर उन्होंने सरल, तपोनिष्ठ, त्याग, करुणार्द्र और कोमल जीवन से सबको मैत्री-सूत्र में गुम्फित किया ।

विश्वपूज्य की उपाधि उनको जनता जनार्दन ने, उनके प्रति अगाध श्रद्धा-प्रीति और भक्ति से प्रदान की है, यद्यपि ये निर्मोही अनासक्त योगी थे। न तो किसी उपाधि-पदवी के आकाङ्क्षी थे और न अपनी यशोपताका फहराने के लिए लालायित थे ।

उनका जीवन अनन्त ज्योतिर्मय एवं करुणा रस का सुधा-सिन्धु था !

उन्होंने अपने जीवनकाल में महनीय 61 ग्रन्थों की रचना की है जिनमें काव्य, भक्ति और संस्कृति की रसवंती धाराएँ प्रवाहित हैं।

वस्तुतः उनका मूल्यांकन करना हमारे वश की बात नहीं, फिरभी हम प्रीतिवश यह लिखती हैं कि जिस समय भारत के मनीषी-साहित्यकार एवं कवि भारतीय संस्कृति और साहित्य को पुनर्जीवित करना चाहते थे, उस समय विश्वपूज्य भी भारत के गौरव को उद्‌भासित करने के लिए 63 वर्ष की आयु में सन् 1890 आश्विन शुक्ला 2 को कोष के प्रणयन में जुट गए। इस कोष के सप्त खण्डों को उन्होंने सन् 1903 चैत्र शुक्ला 13 को परिसम्पन्न किया। यह शुभ दिन भगवान् महावीर का जन्म कल्याणक दिवस है। शुभारम्भ नवरात्रि में किया और समापन प्रभु के जन्म-कल्याणक के दिन वसन्त ऋतु की मनमोहक सुगन्ध बिखेरते हुए किया।

यह उल्लेख करना समीचीन है कि उस युग में मैकाले ने अँग्रेजी भाषा और साहित्य को भारतीय विद्यालयों एवं महाविद्यालयों में अनिवार्य कर दिया था और नई पीढ़ी अँग्रेजी भाषा तथा साहित्य को पढ़कर भारतीय साहित्य व संस्कृति को हेय समझने लगी थी, ऐसे पराभव युग में बालगंगाधर तिलक ने 'गीता रहस्य', जैनाचार्य श्रीमद् बुद्धिसागरजी ने 'कर्मयोग', श्रीमद् आत्मारामजी ने 'जैन तत्त्वादर्श' व 'अज्ञान तिमिर भास्कर',[1] महान् मनीषी अरविन्द घोष ने 'सावित्री' महाकाव्य लिखकर पश्चिम-जगत् को अभिभूत कर दिया।

उस युग में प्रज्ञा महर्षि जैनाचार्य विश्वपूज्य श्रीमद् राजेन्द्रसूरिजी गुरुदेव ने '**अभिधान राजेन्द्र कोष**' की रचना की। उनके द्वारा निर्मित यह अनमोल ग्रन्थराज एक अमरकृति है। यह एक ऐसा विशाल कार्य था, जो एक व्यक्ति की सीमा से परे की बात थी, किन्तु यह दायित्व विश्वपूज्य ने अपने कंधों पर ओढ़ा।

भारतीय संस्कृति और साहित्य के पुनर्जागरण के युग में विश्वपूज्य ने महान् कोष को रचकर जगत् को ऐसा अमर ग्रन्थ दिया जो चिर नवीन है। यह 'एन साइक्लोपिडिया' समस्त भाषाओं की करुणार्द्र माता

---

1. अज्ञान तिमिर भास्कर को पढ़कर अंग्रेज विद्वान् हार्नेल इतने प्रसन्न हुए कि उन्होंने श्रीमद् आत्मारामजी को 'अज्ञान तिमिर भास्कर' के अलंकरण से विभूषित किया तथा उन्होंने अपने ग्रन्थ 'उपासक दशांग' के भाष्य को उन्हें समर्पित किया।

संस्कृत, जनमानस में गंग-धारा के समान बहनेवाली जनभाषा अर्धमागधी और जनता-जनार्दन को प्रिय लगनेवाली प्राकृत भाषा - इन तीनों भाषाओं के शब्दों की सुस्पष्ट, सरल और सहज व्याख्या उद्‌भासित करता है ।

इस महाकोष का वैशिष्ट्य यह है कि इसमें गीता, मनुस्मृति, ऋग्वेद, पद्मपुराण, महाभारत, उपनिषद, पातंजल योगदर्शन, चाणक्य नीति, पंचतंत्र, हितोपदेश आदि ग्रन्थों की सुबोध टीकाएँ और भाष्य उपलब्ध हैं । साथ ही आयुर्वेद के सुप्रसिद्ध ग्रन्थ 'चरक संहिता' पर भी व्याख्याएँ हैं ।

'अभिधान राजेन्द्र कोष' की प्रशंसा भारतीय एवं पाश्चात्त्य विद्वान् करते नहीं थकते । इस ग्रन्थ रत्नमाला के सात खण्ड सात अनुपम दिव्य रत्न हैं, जो अपनी प्रभा से साहित्य-जगत् को प्रदीप्त कर रहे हैं ।

इस भारतीय राजर्षि की साहित्य एवं तप-साधना पुरातन ऋषि के समान थी । वे गुफाओं एवं कन्दराओं में रहकर ध्यानालीन रहते थे । उन्होंने स्वर्णगिरि, चामुण्डावन, मांगीतुंगी आदि गुफाओं के निर्जन स्थानों में तप एवं ध्यान-साधना की । ये स्थान वन्य पशुओं से भयावह थे, परन्तु इस ब्रह्मर्षि के जीवन से जो प्रेम और मैत्री की दुग्धधारा प्रवाहित होती थी, उससे हिंस्र पशु-पक्षी भी उनके पास शांत बैठते थे और भयमुक्त हो चले जाते थे ।

ऐसे महापुरुष के चरण कमलों में राजा-महाराजा, श्रीमन्त, राजपदाधिकारी नतमस्तक होते थे । वे अत्यन्त मधुर वाणी में उन्हें उपदेश देकर गर्व के शिखर से विनय-विनम्रता की भूमि पर उतार लेते थे और वे दीन-दुखियों, दरिद्रों, असहायों, अनाथों एवं निर्बलों के लिए साक्षात् भगवान् थे ।

उन्होंने सामाजिक कुरीतियों-कुपरम्पराओं, बुराइयों को समाप्त करने के लिए तथा धार्मिक रूढ़ियों, अन्धविश्वासों, मिथ्याधारणाओं और कुसंस्कारों को मिटाने के लिए ग्राम-ग्राम, नगर-नगर पैदल विहार कर विभिन्न प्रवचनों के माध्यम से उपदेशामृत की अजस्रधारा प्रवाहित

की । तृष्णातुर मनुष्यों को संतोषामृत पिलाया । कुसंपों के फुफकारते फणिधरों को शांत कर समाज को सुसंप का सुधा-पान कराया ।

विश्वपूज्य ने नारी-गरिमा के उत्थान के लिए भी कन्या-पाठशालाएँ, दहेज उन्मूलन, वृद्ध-विवाह निषेध आदि का आजीवन प्रचार-प्रसार किया । 'यत्र नार्यस्तु पूज्यन्ते रमन्ते तत्र देवताः' के अनुरूप सन्देश दिया अपने प्रवचनों एवं साहित्य के माध्यम से ।

गुरुदेव ने पर्यावरण-रक्षण के लिए वृक्षों के संरक्षण पर जोर दिया । उन्होंने पशु-पक्षी के जीवन को अमूल्य मानते हुए उनके प्रति प्रेमभाव रखने के लिए उपदेश दिए । पर्वतों की हरियाली, वन-उपवनों की शोभा, शान्ति एवं अन्तर-सुख देनेवाली है । उनका रक्षण हमारे जीवन के लिए अत्यावश्यक है । इसप्रकार उन्होंने समस्त जीवराशि के संरक्षण के लिए उपदेश दिया ।

काव्य विभूषा : उनकी काव्य कला अनुपम है । उन्होंने शास्त्रीय राग-रागिनियों में अनेक सज्झाय व स्तवन गीत रचे हैं । उन्होंने शास्त्रीय रागों में ठुमरी, कल्याण, भैरवी, आशावरी आदि का अपने गीतों में सुरम्य प्रयोग किया है । लोकप्रिय रागिनियों में वनझारा, गरबा, ख्याल आदि प्रियंकर हैं । प्राचीन पूजा गीतों की लावनियों में 'सलूणा', 'रेखता', 'तीरथनी आशातना नवि करिए रे' आदि रागों का प्रयोग मनमोहक हैं । उन्होंने उर्दू की गजल का भी अपने गीतों में प्रयोग किया है ।

चैत्यवंदन - स्तुतियों में - दोहा, शिखरणी, स्रग्धरा, मालिनी, पद्धडी प्रमुख हैं । पद्धडी छन्द में रचित श्री महावीर जिन चैत्यवंदन की एक वानगी प्रस्तुत है —

"संसार सागर तार धीर, तुम विण कोण मुझ हरत पीर ।
मुझ चित्त चंचल तुं निवार, हर रोग सोग भयभीत वार ॥ [1]

एक निश्छल भक्त का दैन्य निवेदन मौन-मधुर है । साथ ही अपने परम तारक परमात्मा पर अखण्ड विश्वास और श्रद्धा-भक्ति को प्रकट करता है ।

---

1. जिन - भक्ति - मंजूषा भाग - 1

चौपड़ क्रीड़ा– सज्झाय में अलौकिक निरंजन शुद्धात्म चेतन रूप प्रियतम के साथ विश्वपूज्य की शुद्धात्मा रूपी प्रिया किस प्रकार चौपड़ खेलती है ? वे कहते हैं –

'रंग रसीला मारा, प्रेम पनोता मारा, सुखरा सनेही मारा साहिबा ।
पिउ मोरा चोपड़ इणविध खेल हो ॥
चार चोपड़ चारों गति, पिउ मोरा चोरासी जीवा जोन हो ।
कोठा चोरासिये फिरे, पिउ मोरा सारी पासा वसेण हो ॥'' [1]

यह चौपड़ का सुन्दर रूपक है और उसके द्वारा चतुर्गति रूप संसार में चौपड़ का खेल खेला जा रहा है। साधक की शुद्धात्म–प्रिया चेतन रूप प्रियतम को चौपड़ के खेल का रहस्योद्घाटन करते हुए कहती है कि चौपड़ चार पट्टी और 84 खाने की होती है। इसीतरह चतुर्गति रूप चौपड़ में भी 84 लक्षयोनि रूप 84 घर–उत्पत्ति–स्थान होते हैं। चतुर्गति चौपड़ के खेल को जीतकर आत्मा जब विजयी बन जाती है, तब वह मोक्ष रूपी घर में प्रवेश करती है।

अध्यात्मयोगी संत आनंदघन ने भी ऐसी ही चौपड़ खेली है –

''प्राणी मेरो, खेलै चतुरगति चोपर ।
नरद गंजफा कौन गिनत है, मानै न लेखे बुद्धिवर ॥
राग दोस मोह के पासे, आप वणाए हितधर ।
जैसा दाव परै पासे का, सारि चलावै खिलकर ॥'' [2]

विश्वपूज्य का काव्य अप्रयास हृदय–वीणा पर अनुगुंजित है । 'पिउ' [प्रियतम] शब्द कविता की अंगूठी में हीरककणी के समान मानो जड़ दिया।

विश्वपूज्य की आत्मरमणता उनके पदों में दृष्टिगत होती है। वे प्रकाण्ड विद्वान् – मनीषी होते हुए भी अध्यात्म योगीराज आनन्दघन की तरह अपनी मस्त फकीरी में रमते थे। उनका यह पद मनमोहक है –

'अवधू आतम ज्ञान में रहना,
किसी कु कुछ नहीं कहना ॥' [3]

---

1. जिन भक्ति मंजूषा भाग – 1
2. आनन्दघन ग्रन्थावली
3. जिन भक्ति मंजूषा भाग – 1

'मौनं सर्वार्थ साधनम्' की अभिव्यंजना इसमें मुखरित हुई है। उनके पदों में व्यक्ति की चेतना को झकझोर देने का सामर्थ्य है, क्योंकि वे उनकी सहज अनुभूति से निःसृत है। विश्वपूज्य का अंतरंग व्यक्तित्व उनकी काव्य-कृतियों में व्याप्त है। उनके पदों में कबीर-सा फक्कड़पन झलकता है। उनका यह पद द्रष्टव्य है –

"ग्रन्थ रहित निर्ग्रन्थ कहीजे, फकीर फिकर फकनारा।
ज्ञानवास में बसे संन्यासी, पंडित पाप निवारा रे
सद्‌गुरु ने बाण मारा, मिथ्या भरम विदारा रे॥"[1]

विश्वपूज्य का व्यक्तित्व वैराग्य और अध्यात्म के रंग में रंगा था। उनकी आध्यात्मिकता अनुभवजन्य थी। उनकी दृष्टि में आत्मज्ञान ही महत्त्वपूर्ण था। 'परभावों में घूमनेवाला आत्मानन्द की अनुभूति नहीं कर सकता। उनका मत था कि जो पर पदार्थों में रमता है वह सच्चा साधक नहीं है। उनका एक पद द्रष्टव्य है –

'आतम ज्ञान रमणता संगी, जाने सब मत जंगी।
पर के भाव लहे घट अंतर, देखे पक्ष दुरंगी॥
सोग संताप रोग सब नासे, अविनासी अविकारी।
तेरा मेरा कछु नहीं ताने, भंगे भवभय भारी॥
अलख अनोपम रूप निज निश्चय, ध्यान हिये बिच धरना।
दृष्टि राग तजी निज निश्चय, अनुभव ज्ञानकुं वरना॥"[2]

उनके पदों में प्रेम की धारा भी अबाधगति से बहती है। उन्होंने शांतिनाथ परमात्मा को प्रियतम का रूपक देकर प्रेम का रहस्योद्‌घाटन किया है। वे लिखते हैं –

'श्री शांतिजी पिउ मोरा, शांतिसुख सिरदार हो।
प्रेमे पाम्या प्रीतड़ी, पिउ मोरा प्रीतिनी रीति अपार हो॥
शांति सलूणो म्हारो, प्रेम नगीनो म्हारो, स्नेह समीनो म्हारो नाहलो।
पिउ पल एक प्रीति पमाड हो, प्रीत प्रभु तुम प्रेमनी,
पीउ मोरा मुज मन में नहिं माय हो॥"[3]

---

1. जिन भक्ति मंजूषा भाग – 1
2. जिन भक्ति मंजूषा भाग – 1
3. जिन भक्ति मंजूषा भाग – 1

यद्यपि उनकी दृष्टि में प्रेम का अर्थ साधारण-सी भावुक स्थिति न होकर आत्मानुभवजन्य परमात्म-प्रेम है, आत्मा-परमात्मा का विशुद्ध निरूपाधिक प्रेम है। इसप्रकार, विश्वपूज्य की कृतियों में जहाँ-जहाँ प्रेम-तत्त्व का उल्लेख हुआ है, वह नर-नारी का प्रेम न होकर आत्म-ब्रह्म-प्रेम की विशुद्धता है।

विश्वपूज्य में धर्म सद्भाव भी भरपूर था। वे निष्पक्ष, निस्पृही मानव-मानव के बीच अभेद भाव एवं प्राणि मात्र के प्रति प्रेम-पीयूष की वर्षा करते थे। उन्होंने अरिहन्त, अल्लाह-ईश्वर, रूद्र-शिव, ब्रह्मा-विष्णु को एक ही माना है। एक पद में तो उन्होंने सर्व धर्मों में प्रचलित परमात्मा के विविध नामों का एक साथ प्रयोग कर समन्वय-दृष्टि का अच्छा परिचय दिया है। उनकी सर्व धर्मों के प्रति समादरता का निम्नांकित पद मननीय है —

'ब्रह्म एक छे लक्षण लक्षित, द्रव्य अनंत निहारा।
सर्व उपाधि से वर्जित शिव ही, विष्णु ज्ञान विस्तारा रे॥
ईश्वर सकल उपाधि निवारी, सिद्ध अचल अविकारा।
शिव शक्ति जिनवाणी संभारी, रूद्र है करम संहारा रे॥
अल्लाह आतम आपहि देखो, राम आतम रमनारा।
कर्मजीत जिनराज प्रकासे, नयथी सकल विचारा रे॥'[1]

विश्वपूज्य के इस पद की तुलना संत आनंदघन के पद से की जा सकती है।[2]

यह सच है कि जिसे परमतत्त्व की अनुभूति हो जाती है, वह संकीर्णता के दायरे में आबद्ध नहीं रह सकता। उसके लिए राम-कृष्ण, शंकर-गिरीश, भूतेश्वर, गोविन्द, विष्णु, ऋषभदेव और महादेव

---

1. जिन भक्ति मंजूषा भाग - 1 पृ. 72
2. 'राम कहौ रहिमान कहौ, कोउ कान्ह कहौ महादेव री।
पारसनाथ कहौ कोउ ब्रह्मा, सकल ब्रह्म स्वयमेवरी॥
भाजन भेद कहावत नाना, एक मृत्तिका रूप री।
तैसे खण्ड कलपना रोपित, आप अखण्ड सरूप री॥
निज पद रमै राम सो कहिये, रहम करे रहमान री।
करषै करम कान्ह सो कहियै, महादेव निरवाण री॥
परसै रूप सो पारस कहियै, ब्रह्म चिन्है सो ब्रह्म री।
इहविध साध्यो आप आनन्दघन, चेतनमय निःकर्मरी॥' आनंदघन ग्रन्थावली, पद ६५

या ब्रह्म आदि में कोई अन्तर नहीं रह जाता है । उसका तो अपना एक धर्म होता है और वह है — आत्म-धर्म (शुद्धात्म-धर्म) । यही बात विश्वपूज्य पर पूर्णरूपेण चरितार्थ होती है । सामान्यतया जैन परम्परा में परम तत्त्व की उपासना तीर्थंकरों के रूप में की जाती रही है; किन्तु विश्वपूज्य ने परमतत्त्व की उपासना तीर्थंकरों की स्तुति के अतिरिक्त शंकर, शंभु, भूतेश्वर, महादेव, जगकर्ता, स्वयंभू, पुरूषोत्तम, अच्युत, अचल, ब्रह्म-विष्णु-गिरीश इत्यादि के रूप में भी की है । उन्होंने निर्भीक रूप से उद्घोषणा की है —

"शंकर शंभु भूतेश्वरो ललना, मही माहें हो वली किस्यो महादेव,
जिनवर ए जयो ललना ।
जगकर्ता जिनेश्वरो ललना, स्वयंभू हो सहु सुर करे सेव,
जिनवर ए जयो ललना ॥
वेद ध्वनि वनवासी ललना, चौमुखे हो चारे वेद सुचंग, जिन. ।
वाणी अनक्षरी दिलवसी ललना, ब्रह्माण्डे बीजो ब्रह्म विभंग, जि. ॥
पुरुषोत्तम परमातमा ललना, गोविन्द हो गिरुओ गुणवंत, जि. ।
अच्युत अचल छे ओपमा ललना, विष्णु हो कुण अवर कहंत, जि. ॥
नाभेय रिषभ जिणंदजी ललना, निश्चय थी हो देख्यो देव दमीश ।
एहिज सूरिशजेन्द्र जी ललना, तेहिज हो ब्रह्मा विष्णु गिरीश, जि. ॥"[1]

वास्तव में, विश्वपूज्य ने परमात्मा के लोक प्रसिद्ध नामों का निर्देश कर समन्वय-दृष्टि से परमात्म-स्वरूप को प्रकट किया है ।

इसप्रकार कहा जा सकता है कि विश्वपूज्य ने धर्मान्धता, संकीर्णता, असहिष्णुता एवं कूपमण्डूकता से मानव-समाज को ऊपर उठाकर एकता का अमृतपान कराया । इससे उनके समय की राजनैतिक एवं धार्मिक परिस्थिति का भी परिचय मिलता है ।

'अभिधान राजेन्द्र कोष' कथाओं का सुधासिन्धु है । कथाओं में जीवन को सुसंस्कृत, सभ्य एवं मानवीय गुण-सम्पदा से विभूषित करने का सरस शैली में अभिलेखन हुआ है । कथाएँ इक्षुरस के समान मधुर, सरस और सहज शैली में आलेखित हैं । शैली में प्रवाह हैं, प्राकृत और संस्कृत शब्दों को हीरक कणियों के समान तराश कर

1. जिन भक्ति मंजूषा भाग - 1 पृ. 72

कथाओं को सुगम बना दिया है ।

उपसंहार :

विश्वपूज्य अजर-अमर है । उनका जीवन 'तप्तं तप्तं पुनरपि पुनः काञ्चन कान्त वर्णम्' की उक्ति पर खरा उतरता है । जीवन में तप की कंचनता है, कवि-सी कोमलता है । विद्वत्ता के हिमाचल में से करुणा की गंग-धारा प्रवाहित है ।

उन्होंने जगत् को 'अभिधान राजेन्द्र कोष' रूपी कल्पतरू देकर इस धरती को स्वर्ग बना दिया है, क्योंकि इस कोष में ज्ञान-भक्ति और कर्मयोग का त्रिवेणी संगम हुआ है । यह लोक माङ्गल्य से भरपूर क्षीर-सागर है । उनके द्वारा निर्मित यह कोष आज भी आकाशी ध्रुवतारे की भाँति टिमटिमा रहा है और हमें सतत दिशा-निर्देश दे रहा है ।

विश्वपूज्य के लिए अनेक अलंकार ढूँढ़ने पर भी हमें केवल एक ही अलंकार मिलता है — वह है — अनन्वय अलंकार — अर्थात् विश्वपूज्य विश्वपूज्य ही है ।

उनका स्वर्गवास 21 दिसम्बर सन् 1906 में हुआ, परन्तु कौन कहता है कि विश्वपूज्य विलीन हो गये ? वे जन-जन के श्रद्धा केन्द्र सबके हृदय-मंदिर में विद्यमान हैं !

अभिधान राजेन्द्र कोष में,

सूक्ति-सुधारस

(द्वितीय खण्ड)

1 सूर्योदयास्त भ्रान्ति

णा इच्चो उदेति ण अत्थमेति ।

— **अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग-2 पृष्ठ 3]

— ***सूत्रकृतांग सूत्र 1/12/7***

वस्तुत: सूर्य न उदय होता है, न अस्त होता है। यह सब दृष्टिभ्रम है।

2 तप का फल

तपसो निर्जराफलं दृष्टम्

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 2 पृ. 8]
एवं [भाग 6 पृ. 337]

— ***प्रशमरति 73***

तप का फल निर्जरा है।

3 विनय से अक्षयसुख

विणया णाणं, णाणाउ दंसणं दंसणाहिं चरणं तु ।
चरणाहिं तो मोक्खो मुक्खे सुक्खं अणाबाहं ॥

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 2 पृ. 8]
एवं [भाग 6 पृ. 337]

— ***धर्मरत्न प्रकरण 1 पृ. 21***

विनय से ज्ञान, ज्ञान से दर्शन, दर्शन से चारित्र, चारित्र से मोक्ष होता है और मोक्ष से अव्याबाध सुख की प्राप्ति होती है।

4 कल्याणपात्र

तस्मात् कल्याणानां सर्वेषां भाजनं विनयः ।

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 2 पृ. 8]
एवं [भाग 6 पृ. 337]

— ***प्रशमरति 74***

विनय सब कल्याणों का मूल हैं।

5 ज्ञान-फल

ज्ञानस्य फलं विरतिः ।

— श्री अभिधान राजेन्द्र कोष [भाग 2 पृ. 8]
एवं [भाग 6 पृ. 337]
— *प्रशमरति 72*

ज्ञान का फल विरति है ।

6 सर्वकल्याण का मूलः विनय

विनयफलं शुश्रूषा, शुश्रूषा फलं श्रुतज्ञानं ।
ज्ञानस्य फलं विरति, विरति फलं चास्त्रव निरोधः ॥
संवरफलं तपोबलमथ, तपसो निर्जरा फलं दृष्टम् ।
तस्मात्क्रिया निवृत्तिः क्रिया निवृत्तेरयोगित्वम् ॥
योगनिरोधाद् भवसन्ततिक्षयः सन्ततिक्षयान्मोक्षः ।
तस्मात् कल्याणानां सर्वेषां भाजनं विनयः ॥

— श्री अभिधान राजेन्द्र कोष [भाग 2 पृ. 8]
एवं [भाग 6 पृ. 337]
— *प्रशमरति प्रकरण 72-73-74*

विनय का फल श्रवण, श्रवण (गुरु के समीप किया हुआ) का फल आगमज्ञान, आगमज्ञान का फल विरति (नियम), विरति का फल संवर (आस्रव निवृत्ति), संवर का फल तपः शक्ति, तप का फल निर्जरा, निर्जरा का फल क्रिया-निवृत्ति, क्रिया-निवृत्ति से योग-निरोध, योग निरोध होने से भव-परंपरा का क्षय होता है । परम्परा (जन्मादि) के क्षय से मोक्ष-प्राप्ति होती है । इसलिए सारे कल्याणों का भाजन विनय है ।

7 परिग्रहजन्य दोष

ण एत्थ तवो वा दमो वा णियमो वा दिस्सति ।

— श्री अभिधान राजेन्द्र कोष [भाग 2 पृ. 10]
एवं [भाग 6 पृ. 730]
— *आचारांग 1/2/3/77*

परिग्रही पुरूष में न तप होता है, न दम (इन्द्रिय-निग्रह) होता है और न नियम ही होता है ।

8 जीवन-प्रिय

सव्वेसिं जीवितं पियं ।

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 2 पृ. 10]

— ***आचारांग 1/2/3/78***

सभी को जीवन प्यारा है।

9 जीवन-कामना

सव्वे पाणा पियाउया सुहसाता दुक्ख पडिकूला
अप्पियवधा पियजीविणो जीवितुकामा।

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 2 पृ. 10]

— ***आचारांग 1/2/3/78***

सभी प्राणियों को अपना जीवन प्यारा है। सभी सुख का आस्वाद चाहते हैं। दु:ख से घबराते हैं। मृत्यु सबको अप्रिय है और जीवन प्रिय। सब जीवित रहना चाहते हैं।

10 आत्म-चिन्तन

भवकोटिभिरसुलभ, मानुष्यं प्राप्य कः प्रमादो मे।
न च गतमायुर्भूयः, प्रेत्यत्यपि देवराजस्य

— **अभिधान राजेन्द्रकोष** [भाग 2 पृ. 11]
एवं [भाग 4 पृ. 2677]

— ***प्रशमरति प्रकरण - 64***

तिर्यञ्चगति आदि में अनन्तभव बीत गए, फिरभी अत्यन्त दुर्लभ मानवजन्म को पाने के बाद भी मेरा कैसा प्रमाद है ? इन्द्र का भी बीता आयुष्य पुन: लौटकर नहीं आता तब मनुष्य की बात ही कहाँ रही ?

11 एक दिन ऐसा आयेगा

जह तुब्भे तह अम्हे, तुम्हे विय होहिहा जहा अम्हे।
अप्पाहेति पडंतं पंडुय-पत्तं किसलयाणं।

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 2 पृ. 11]

— ***अनुयोगद्वार 121-492 (4)***

पीतवर्ण (पीला) पत्ता पृथ्वी पर गिरता हुआ अपने साथी हरे पत्तों से कहता है — "मेरे साथी ! आज जैसे तुम हो, एक दिन हम भी ऐसे ही थे और आज जैसे हम हैं, एकदिन तुम्हें भी ऐसा ही होना होगा।"

12 पल-पल-अप्रमाद

समयं गोयम ! मा पमायए ।

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 2 पृ. 11]

— *उत्तराध्ययन 10/34*

एक क्षण के लिए भी प्रमाद मत करो ।

13 क्षणभङ्गुर जीवन

कुसग्गे जह ओसबिंदुए, थोवं चिट्ठइ लंबमाणाए ।
एवं मणुयाणं जीवियं, समयं गोयम मा पमायए ॥

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 2 पृ. 11]
एवं [भाग-4 पृ. 2569]

— *उत्तराध्ययन 10/2*

जैसे कुशा (घास) की नोंक पर हिलती हुई ओस की बूँद बहुत थोड़े समय के लिए टिक पाती है ठीक ऐसा ही मनुष्य का जीवन भी क्षणभंगुर है । अतएव हे गौतम ! क्षणभर के लिए भी प्रमाद मत कर ।

14 सरलात्मा

सोही उज्जुय भूयस्स ।

— **अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग-2 पृ. 28]
एवं [भाग-3 पृ. 1053]

— *उत्तराध्ययन 3/12*

सरल आत्मा की विशुद्धि होती है ।

15 धर्म-निवास

धम्मो सुद्धस्स चिट्ठइ ।

— **अभिधान राजेन्द्रकोष** [भाग-2 पृ. 28]
एवं [भाग-3 पृ. 1053]

— *उत्तराध्ययन 3/12*

पवित्र हृदय में ही धर्म निवास करता है ।

16 मोक्ष-पथिक

से जहा वि अणगारे उज्जुकडे नियाग पडिवण्णे अमायं कुव्वमाणे वियाहिते ।

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 2 पृ. 28]

— ***आचारांग 1/1/3/19***

जो सरलतादि गुणों से युक्त है, मुक्ति-पथ का राही है और जो माया का आचरण नहीं करता है, उसे ही अणगार कहा गया है ।

17 अटूट श्रद्धा

जाए सद्धाए णिक्खंतो तमेव अणुपालिया विजहित्ता विसोत्तियं ।

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 2 पृ. 28]

— ***आचारांग 1/1/3/20***

जिस श्रद्धा के साथ निष्क्रमण किया है, उसी श्रद्धा के साथ विस्रोतसिका (शंका) छोड़कर उसका अनुपालन करना चाहिए ।

18 कौन वीर ?

पणया वीरा महावीहिं ।

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 2 पृ. 29]

— ***आचारांग 1/1/3/21***

वीरपुरूष महापथ के प्रति समर्पित होते हैं ।

19 निर्भय साधक

लोगं च आणाए अभिसमेच्चा अकुतोभयं ।

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 2 पृ. 29]
एवं [भाग-7 पृ. 893]

— ***आचारांग 1/3/4/129 एवं 1/1/3/21***

जो साधक अतिशय ज्ञानी पुरूषों की आज्ञा से कषाय रूप लोक को जानकर विषयों का त्याग कर देता है, वह पूर्ण अभय (भयमुक्त) हो जाता है ।

20 हिंसा अहितकारिणी

तं से अहियाए तं से अबोहियाए ।

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 2 पृ. 30]
एवं भाग-4 पृ. 2346

— *आचारांग 1/1/2/13*

यह जीवहिंसा अहित करनेवाली है और मिथ्यात्व का कारण है ।

21 आरम्भ

एस खलु गंथे एस खलु मोहे
एस खलु मारे एस खलु णरए ।

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 2 पृ. 30]
एवं [भाग-4 पृ. 234] एवं
[भाग-6 पृ. 1062]

— *आचारांग 1/1/2/14*

यह आरम्भ (हिंसा) ही वस्तुत: ग्रन्थ = बन्धन है, यही मोह है, यही मार = मृत्यु है और यही नरक है ।

22 मौतः एक झपाटा

सेणे जह वट्टयं हरे ।

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 2 पृ. 32]

— *सूत्रकृतांग 1/2/1/2*

जैसे बाज पक्षी तीतर को एक ही झपाटे में मार डालता है ठीक वैसे ही आयु क्षीण होने पर मृत्यु भी मनुष्य के प्राण हर लेती है ।

23 मूढ़ मानव

अट्टेसु मूढे अजरामरव्व ।

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 2 पृ. 32]

— *सूत्रकृतांग 1/10/18*

मूढ़ स्वयं को अजर-अमर के समान मानता हुआ आर्तध्यान सम्बन्धी कार्यों में फँसा रहता है ।

24 मृत्यु कला

जं किंचुवक्कम जाणे आउखेमस्समप्पणो ।
तस्सेव अन्तरद्धाए, खिप्पं सिक्खिज्ज पंडिए ॥

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 2 पृ. 33]
एवं भाग-6 पृ. 131
— *आचारांग 1/8/8*

संलेखनाकालीन जीवन में स्थित पंडित साधक को यदि अपने आयु-क्षेम में किञ्चित् भी विघ्न मालूम पड़े तो उसके अन्तरकाल में शीघ्र ही भक्त-परिज्ञादि का अनुष्ठान कर लेना चाहिए ।

25 अतीत अनागत निश्चिन्त

अवरेण पुव्वं ण सरंति एगे ।

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 2 पृ. 59]
— *आचारांग 1/3/3/124/11*

कुछ साधक अतीत के भोगों की स्मृति और भविष्य के भोगों की स्मृति नहीं करते ।

26 निष्काम ज्ञानी

का अरइ ! के आणंदे एत्थंपि उग्गहे चरे ।

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 2 पृ. 60]
एवं [भाग-7 पृ. 60]
— *आचारांग 1/3/3/124*

ज्ञानी के लिए क्या अरति है, क्या आनन्द है ? वह अरति और आनन्द के इस विकल्प को ग्रहण किए बिना विचरण करें ।

27 एक जाना, सब जाना

एको भावः सर्वथा येन दृष्टः सर्वे भावाः सर्वथा तेन दृष्टाः।
सर्वे भावाः सर्वथा येन दृष्टाः, एको भावः सर्वथा तेन दृष्टः ॥

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग-2 पृ. 79]
— *स्याद्वादमंजरी पृ. 5*

जिसने एक भाव को सर्वथा समझ लिया उसीने सब भावों को सर्वथा समझा है तथा जिसने सर्व भावों को सर्वथा समझ लिया उसीने एक भाव को सर्वथा समझा है ।

28 आगम-चक्षु

आगम चक्खू साहू ।

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 2 पृ. 90]

— ***प्रवचनसार 3/34***

साधु-सन्त के पास आगम (तत्त्वज्ञान) रूपी आँखें होती हैं ।

29 गुणः मूल्यांकन

अहवा कायमणिस्सउ, सुमहल्लस्स वि उ कागणी मोल्लं ।
वइरस्स उ अप्पस्स वि, मोल्लं होति सयसहस्सं ॥

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 2 पृ. 93]

— ***व्यवहारभाष्य 10/216***

कॉँच के बड़े मनके का भी केवल एक काकिनी का मूल्य होता है और हीरे की छोटी-सी कणी भी लाखों के मूल्य की होती है । (रूपये का अस्सीवाँ भाग काकिणी होती हैं ।)

30 आज्ञा-धर्म

आणाए मामगं धम्मं ।

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 2 पृ. 131]

— ***आचारांग 1/6/2/185***

आज्ञा ही मेरा धर्म है ।

31 मोक्ष-मार्ग-नाशक

भट्ठायारो सूरी ! भट्ठायाराणुवेक्खओ सूरी ।
उम्मग्गट्ठिओ सूरी तिणिविमग्गं पणासंति ॥

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 2 पृ. 135]
एवं 335/336

— ***गच्छाचारपयन्ना-28***

भ्रष्टचारी आचार्य, भ्रष्टचारी साधुओं की उपेक्षा करनेवाला आचार्य और उन्मार्ग स्थित आचार्य — ये तीनों ही ज्ञानादि मोक्ष-मार्ग का नाश करनेवाले हैं ।

32 एकान्त-अनेकान्त

एगंतो मिच्छत्तं, जिणाण आणा य होइ णेगंतो ।

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 2 पृ. 135]

— ***तीत्थोगाली पयन्ना-1213***

वस्तुत: एकान्त में मिथ्यात्व है । जिनेश्वरों की आज्ञा अनेकान्त की है ।

33 आचार्य: तीर्थंकर

तित्थयर समो सूरी ।

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 2 पृ. 135]
एवं [भाग 4 पृ. 2314]

— ***महानिशीथसूत्र 5/101***

— ***गच्छाचार पयन्ना टीका-27***

आचार्य (गुरु भगवन्त) तीर्थंकर के समान होते हैं ।

34 कापुरूष

आणं अइक्कमंते ते कापुरिसे न सप्पुरिसे ।

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग-2 पृ. 135-335]

— ***महानिशीथ 5/101***

जो तीर्थंकरों की आज्ञा का उल्लंघन करता है, वह कापुरूष है; सत्पुरुष नहीं ।

35 आज्ञा

आणाए च्चिय चरणं, तब्भंगे किं न भग्गं तु ।

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग-2 पृ. 137-138]

— ***बृहत्कल्पवृत्ति सभाष्य 1/3***

आज्ञा-पालन में चारित्र है, आज्ञा के भंग में क्या भग्न नहीं होता ? अर्थात् सब कुछ भंग हो जाता है ।

36 आज्ञोल्लंघन

आणा नो खंडेज्जा, आणाभंगे कुओ सुहं ?

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग-2 पृ. 138-141]

— ***महानिशीथ 5/120***

आज्ञा का उल्लंघन नहीं करना चाहिए। आज्ञा का उल्लंघन करने पर सुख कैसे ?

37 आज्ञा खण्डित धर्म

आणा खंडणकरीय, सव्वंपि निरत्थयं तस्स ।
आणा रहिओ धम्मो, पलाल पुलुव्व पडिहाइ ॥

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 2 पृ. 141]

— *हीरप्रश्न-प्रकाश-1*

जो आज्ञा का खंडन करता है उसका सबकुछ निरर्थक हो जाता है। आज्ञारहित धर्म बिना कणवाले घास के पुले जैसा है।

38 समय मूल्यवान्

विहडइ विद्धंसइ ते सरीरयं,
समयं गोयम मा पमायए ।

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 2 पृ. 174]

— *उत्तराध्ययन 10/27*

यह तुम्हारा शरीर टूट जानेवाला है, विध्वंस हो जानेवाला है, इसलिए क्षणभर का भी प्रमाद मत करो।

39 साधनाशील

आतंकदंसी अहियंति णच्चा ।

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग-2 पृ. 174]
एवं [भाग 6 पृ. 1061]

— *आचारांग 1/1/7/56*

साधनाशील पुरूष हिंसा में आतंक देखता है, उसे अहितकर मानता है। इसलिए हिंसा से निवृत्त होने में समर्थ होता है।

40 आतङ्कदर्शी

आयंकदंसी न करेति पावं ।

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग-2 पृ. 175]
एवं [भाग 5 पृ. 1316]

— *आचारांग - 1/3/2/115*

जो संसार के दु:खों का ठीक तरह से दर्शन कर लेता है, वह कभी पाप-कर्म नहीं करता है।

41 मनुष्यायु-अल्प भी

अप्पं च खलु आउं इहमेगेसिं माणवाणं।

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 2 पृ. 176]

— *आचारांग - 1/2/1/64*

निश्चय ही इस संसार में कुछ मनुष्यों की आयु अल्प होती है।

42 ढलती आयु में मूढ़

अभिकंतं च खलु वयं संपेहाए ततो से एगया मूढभावं जणयंति।

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 2 पृ. 176]

— *आचारांग - 1/2/1/64*

अवस्था को तेजी से जाते हुए देखकर व्यक्ति चिन्ताग्रस्त हो जाता है और फिर एकदा (जीवन के उत्तरार्द्ध में) वह मूढ़ता को प्राप्त हो जाता है।

43 आत्मगुप्त जितेन्द्रिय

कडं च कज्जमाणं च आगमेस्सं च पावगं।
सव्वं तं णाणु जाणंति, आयगुत्ता जिइंदिया॥

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 2 पृ. 176]

— *सूत्रकृतांग - 1/8/21*

आत्म-गुप्त (रक्षक) जितेन्द्रिय साधक किसी के द्वारा अतीत में किए हुए, भविष्य में किए जानेवाले और वर्तमान में किए जाते हुए पाप की सर्वथा मन-वचन और काया से अनुमोदना नहीं करते।

44 असत्-असत्

नो य उप्पज्जए असं।

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 2 पृ. 176]

— *सूत्रकृतांग - 1/1/1/16*

असत् कभी सत् नहीं होता ।

45 शरणदाता नहीं

णालं ते तव ताणाए वा सरणाए वा तुमं पि तेसिं णालं ताणाए वा सरणाए वा ।

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग-2 पृ. 177 178-179]

— ***आचारांग - 1/2/1/64***

हे आत्मन् ! वे तेरे स्वजन तेरी रक्षा करने में या शरण देने में समर्थ नहीं है और तुम भी उन्हें त्राण या शरण देने में समर्थ नहीं हो ।

46 नारी-रक्षा

पिता रक्षति कौमारे - भर्ता रक्षति यौवने ।
पुत्राश्च स्थाविरे भावे, न स्त्री स्वातन्त्रमर्हति ॥

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 2 पृ. 177]

— ***हितोपदेश - 1/21 एवं महाभारत आदिपर्व 73/5***

कुमारावस्था में पिता, जवानी में पति और बुढापे में पुत्र रक्षा करता है । स्त्री कभी स्वतन्त्रता के योग्य नहीं है ।

47 धिक् धिक् जरा

गात्रं संकुचितं गतिर्विगलिता, दन्ताश्च नाशं गता ।
दृष्टि र्भश्यति रूपमेव हसते वक्त्रं च लालायते ॥
वाक्यं नैव करोति बान्धवजनः पत्नी न शुश्रूयते ।
धिक्कष्टं जरयाऽभिभूतं पुरूषं पुत्रोऽप्यवज्ञायते ॥

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 2 पृ. 177]

— ***पंचतंत्र - 2/194***

शरीर सिकुड़ गया, चाल बिगड़ गई, दाँत गिर गए, दृष्टि घूमने लगी, रूप-सौन्दर्य नष्ट हो गया, मुख से लारें टपकने लगी, बन्धुजन उसकी बात नहीं सुनते, पत्नी सेवा नहीं करती और पुत्र भी अपमान करते हैं ऐसे जरा से अभिभूत पुरूष के कष्ट को धिक्कार है ।

48 तुर्यावस्था में क्या करेगा ?

प्रथमे वयसि नाधीतं, द्वितीये नार्जितं धनम् ।
तृतीये न तपस्तपं, चतुर्थे किं करिष्यति ॥

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 2 पृ. 177]
— ***आचारांगसूत्रसटीक*** - *1/2/1/63*

जिसने प्रथम अवस्था में अध्ययन नहीं किया । दूसरी अवस्था में धनोपार्जन नहीं किया । तृतीय उम्र में तपाचरण नहीं किया तो फिर चौथी अवस्था में वह क्या करेगा ?

49 जराभिशाप

से ण हासाए ण किड्डाएण रतीए ण विभूसाए ।

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 2 पृ. 177]
— ***आचारांग*** - *1/2/1/64*

वृद्धावस्था में मनुष्य न हँसी विनोद के योग्य रहता है, न खेलने के, न रति-सेवन के और न श्रृंगार के योग्य ही रहता है ।

50 धर्म

जं जं करेइ तं तं न सोहए जोव्वणे अतिक्कंते ।
पुरिसस्स महिलियाए, एक्कं धम्मं पमुत्तूणं ॥

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 2 पृ. 178]
— ***आचारांग सूत्र सटीक*** - *1/2/1/64*

एकमात्र धर्म को छोड़कर पुरुष और महिलाओं के लिए जवानी बीत जाने पर जो जो किया जाता है, वह सुशोभित नहीं होता ।

51 पानी केरा बुल बुला

वओ अच्चेति जोव्वणं च ।

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 2 पृ. 178]
— ***आचारांग*** - *1/2/1/65*

आयु बीत रही है, यौवन चला जा रहा है ।

52 द्रुतगामी

नइवेग समं चवलं च जीवियं, जोव्वणञ्च कुसुम समं ।
सोक्खं च जं अणिच्चं, तिण्णि वि तुरमाण भोज्जाइं ॥

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 2 पृ. 178]
— *आचारांग सूत्र सटीक* - *1/2/1/65*

जीवन सरिता के प्रवाह के समान चपल, जवानी पुष्पवत् और जो सुख है, वह अनित्य है । ये तीनों अतितेजी से बीत जानेवाले हैं ।

53 उद्‌बोधन

अणभिक्कंतं च वयं संपेहाए ।

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 2 पृ. 179]
— *आचारांग* - *1/2/1/68*

हे प्रबुद्ध साधक ! जो बीत गया सो बीत गया । शेष रहे जीवन को ही ध्यान में रखकर प्राप्त अवसर को परख ।

54 समय पहचानो

खणं जाणाहि पंडिए !

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 2 पृ. 179]
— *आचारांग* - *1/2/1/68*

हे आत्मज्ञ ! क्षण को अर्थात् समय के मूल्य को पहचानो ।

55 आत्मज्ञाता

अत्ताणं जो जाणति जोय लोगं ।

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 2 पृ. 180]
एवं [भाग-3 पृ. 559]
— *सूत्रकृतांग* - *1/12/20*

जो आत्मा को जानता है, वही लोक को जानता है ।

56 तबतक गुरूसेवा

गुरूत्वं स्वस्य नोदेति, शिक्षा सात्म्येन यावता ।
आत्म-तत्त्व प्रकाशेन, तावत्सेव्यो गुरूत्तमः ॥

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 2 पृ.180]

— **एवं** [भाग-3 पृ. 1171]

— ***ज्ञानसार* - 8/5**

आत्म-तत्त्व के प्रकाश से जबतक अपनी भूल को पहचान कर स्वयं में गुरूत्व न आ जाए तब तक उत्तम गुरु की सेवा करनी चाहिए।

57 अनात्म-प्रशंसा

गुणै र्यदि न पूर्णोऽसि कृतमात्म प्रशंसया ।
गुणैरेवासि पूर्णश्चेत् कृतमात्मप्रशंसया ॥

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 2 पृ. 181]

— ***ज्ञानसार 18/1***

यदि तू गुणों से पूर्ण नहीं है तो अपनी प्रशंसा व्यर्थ है और यदि तू गुणों से पूर्ण है तब भी अपनी प्रशंसा व्यर्थ है।

58 सर्वमुक्त

सव्वत्थेसु विमुत्तो, साहू सव्वत्थ होइ अप्पवसो ।

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 2 पृ. 185]

— ***मूलाराधना* - 335 *एवं***
***गच्छाचारप्रकीर्णक* - 68**

जो साधु सभी वस्तुओं की आसक्ति से मुक्त होता है, वही जितेन्द्रिय तथा आत्मवशी होता है।

59 आत्मदृष्टि -

आततो बहिया पास

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 2 पृ. 186]

— ***आचारांग* - 1/3/3/122**

अपने समान ही बाहर में दूसरों को भी देख।

60 त्रिविध आत्मा

बाह्यात्मा चान्तरात्मा च परमात्मेति त्रयः ।
कायाधिष्ठायक ध्येयाः, प्रसिद्धा योगवाङ्मये ॥

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 2 पृ. 188]

— ***सिद्धसेन द्वात्रिंशत् - द्वात्रिंशिका-20/17***

योगवाङ्मय योग-ग्रन्थ में प्रसिद्ध आत्मा के तीन प्रकार हैं — बहिरात्मा, अन्तरात्मा और परमात्मा ।

61 चेतना-शक्ति

चित्तं तिकाल विसयं ।

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 2 पृ. 193]

— ***दशवैकालिक निर्युक्ति भाष्य-19***

आत्मा की चेतना शक्ति त्रिकाल है ।

62 अमूर्त गुण

अणिंदिय गुणं जीवं, दुज्जेयं मंस चक्खुणा ।

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 2 पृ. 195]

— ***दशवैकालिक निर्युक्ति भाष्य - 34***

आत्मा के गुण अमूर्त है, अत: उनको चर्म चक्षुओं से देख पाना कठिन है ।

63 आत्म-अपलाप

जे लोगं अब्भाइक्खति से अत्ताणं अब्भाइक्खति ।
जे अत्ताणं अब्भाइक्खति, से लोगं अब्भाइक्खति ॥

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 2 पृ. 195] **एवं** [भाग-4 पृ. 344]

— ***आचारांग - 1/1/3/22***

जो लोक (अन्य जीवसमूह) का अपलाप करता है, वह स्वयं अपनी आत्मा का भी अपलाप करता है । जो अपनी आत्मा का अपलाप करता है वह लोक (अन्य जीवसमूह) का भी अपलाप करता है ।

64 औपपातिक-आत्मा

अत्थि मे आया उववाइए
से आयावादी, लोगावादी, कम्मावादी, किरियावादी ।

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 2 पृ. 205]

— ***आचारांग - 1/1/1/1-3***

यह मेरी आत्मा औपपातिक है। कर्मानुसार पुनर्जन्म ग्रहण करती है। आत्मा के पुनर्जन्म सम्बन्धी सिद्धान्त को स्वीकार करनेवाला ही वस्तुत: आत्मवादी, लोकवादी, कर्मवादी और क्रियावादी है।

65 वीरभोग्या

वीरभोग्या वसुन्धरा ।

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 2 पृ. 207]

— ***आचारांग सटीक 1/1/1***

यह वसुन्धरा (धरती) वीरों के द्वारा भोग्य है।

66 नित्यानित्यवाद

सुहदुक्ख संपओगो, न विज्जइ निच्चवाय पक्खंमि ।
एगंतच्छेअंमि अ, सुहदुक्ख विगप्पणमजुत्तं ॥

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 2 पृ. 210]

— ***दशवैकालिक निर्युक्ति 1/60***

एकान्त नित्यवाद के अनुसार सुख-दु:ख का संयोग संगत नहीं बैठता और एकान्त अनित्यवाद के अनुसार भी सुख-दु:ख की बात उपयुक्त नहीं होती। अत: नित्यानित्यवाद ही इसका सही समाधान कर सकता है।

67 नित्यात्मा

णिच्चो अविणासी सासओ जीवो ।

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 2 पृ. 210]

— ***दशवैकालिक निर्युक्ति भाष्य 42***

जीव (आत्मा) नित्य है; अविनाशी और शाश्वत है।

68 एकात्मा

एगे आया ।

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 2 पृ. 219]

— ***स्थानांग - 1/1/2 एवं समवायांग 1/3***

स्वरूपदृष्टि से सब आत्माएँ एक (समान) हैं ।

69 समता का पारगामी

एस आतावादी समियाए परियाए वियाहिते ।

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 2 पृ. 223]

— ***आचारांग - 1/5/5/171***

वह आत्मवादी सत्य या समता का पारगामी होता है ।

70 आत्म-प्रतीति

जेण विजाणति से आता तं पडुच्च पडिसंखाए ।

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 2 पृ. 223]

— ***आचारांग - 1/5/5/171***

जिससे जाना जाता है, वह आत्मा है । जानने की इस शक्ति से ही आत्मा की प्रतीति अर्थात् पहचान होती है ।

71 ज्ञानात्मा

णाणे पुण नियमं आया ।

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 2 पृ. 223]

— ***भगवती - 12/10/10***

नियम से ज्ञान ही आत्मा है ।

72 आत्म-विज्ञाता

जे आता से विण्णाता, जे विण्णाता से आता ।

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 2 पृ. 223]

— ***आचारांग - 1/5/5/171***

जो आत्मा है, वह विज्ञाता है । जो विज्ञाता है, वह आत्मा है ।

73 अरक्षितात्मा

अरक्खिओ जाइ पहं उवेई ।

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 2 पृ. 231]

— ***दशवैकालिक चूलिका - 2/16***

अरक्षित आत्मा जन्म-मरण के पथ की पथिक बनती है ।

74 सुरक्षितात्मा

सुरक्खिओ सव्व दुहाण मुच्चइ ।

— श्री अभिधान राजेन्द्र कोष [भाग 2 पृ. 231]

— *दशवैकालिक चूलिका - 2/16*

सुरक्षित आत्मा सब दुःखों से मुक्त हो जाती है ।

75 पाप से बचाव

अप्पा खलु सययं रक्खियव्वो ।

— श्री अभिधान राजेन्द्र कोष [भाग 2 पृ. 231]

— *दशवैकालिक चूलिका - 2/16*

अपनी आत्मा को सतत पापों से बचाए रखना चाहिए ।

76 निश्चय-रत्नत्रय

आया हु महं नाणे, आया मे दंसणे चरिते य ।
आया पच्चक्खाणे, आया मे संजमे जोगे ॥

— श्री अभिधान राजेन्द्र कोष [भाग 2 पृ. 231]

— *आतुरप्रत्याख्यान - 25*

आत्मा ही मेरा ज्ञान है । आत्मा ही दर्शन और चारित्र है । आत्मा ही प्रत्याख्यान है और आत्मा ही संयम और योग है अर्थात् ये सब आत्म रूप ही है ।

77 विवेक दुर्लभ

देहात्माद्यविवेकोऽयं, सर्वदा सुलभो भवे ।
भवकोट्यादि तद्भेद, - विवेकस्त्वति दुर्लभः ॥

— श्री अभिधान राजेन्द्र कोष [भाग 2 पृ. 232]

— *ज्ञानसार 15/2*

देह ही आत्मा है यह अविवेक तो सुलभ है, परन्तु करोड़ों जन्मों के बावजूद भी भेदज्ञान रूपी विवेक प्राप्त होना अति दुर्लभ है ।

78 समता कुण्ड स्नान

य स्नात्वा समता कुण्डे, हित्वा कश्मलजं मलम् ।
पुन र्न याति मालिन्यं, सोऽन्तरात्मा परः शुचि ॥

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 2 पृ. 232]

— ***ज्ञानसार - 14/5***

जो आत्मा समता कुण्ड में स्नान कर पाप-मल को धोकर साफ करती है, वह पुन: मलिन नहीं बनती । ऐसी अन्तरात्मा विश्व में अत्यन्त पवित्र है ।

79 अविवेकी

इष्टकाद्यपि हि स्वर्णं, पीतोन्मत्तो यथेक्षते ।
आत्माऽभेद भ्रमस्तद्वद् देहादावविवेकिनः ॥

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 2 पृ. 232]

— ***ज्ञानसार - 15/5***

जैसे धतूरे का पानकर उन्मत्त जीव ईंट आदि को भी स्वर्ण मानता है वैसे ही अविवेकी पुरुष देह और आत्मा को एक मानता है ।

80 लक्ष्मी-आयु-देह-नश्वर

तरङ्ग तरलां लक्ष्मी-मायुर्वायुवदस्थिरम् ।
अदभ्रधीरनु ध्यायेदभ्रवद् भङ्गुरं वपुः ॥

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 2 पृ. 232]

— ***ज्ञानसार - 14/3***

बुद्धिमान् मनुष्य लक्ष्मी को समुद्र-तरंग की तरह चपल, आयुष्य को वायु के झोंके की तरह अस्थिर और शरीर को बादल की तरह क्षणध्वंसी मानता है ।

81 अप्पा सो परमप्पा

पश्यन्ति परमात्मान-मात्मन्येव हि योगिनः ।

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 2 पृ. 232]

— ***ज्ञानसार 14/8***

योगी पुरूष अपनी आत्मा में ही परमात्मा के दर्शन पाता है ।

82 आत्मद्रष्टा से मोह-चोर दूर

य पश्येन्नित्यमात्मानमनित्यं परसङ्गमम् ।
छलं लब्धुं न शक्नोति, तस्य मोहमलिम्लुचः ॥

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 2 पृ. 232]

— ***ज्ञानसार 14/2***

जो सदा आत्मा को नित्य, अविनाशी देखता है और पुद्गल-सम्बन्ध को अनित्य, अस्थिर देखता है उसके छल-छिद्र देख पाने में मोहरूपी चोर कभी समर्थ नहीं होता ।

83 राजहंस-मुनि

कर्म जीवश्च सश्लिष्टं सर्वदा क्षीर नीरवत् ।
विभिन्नीकुरूते योऽसौ मुनिहंसो विवेकवान् ॥

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 2 पृ. 232]

— ***ज्ञानसार 15/1***

दूध और पानी की तरह ओतप्रोत बने जीव और कर्म को जो मुनिरूपी राजहंस सदैव अलग करता है, वही मुनिहंस विवेकी होता है ।

84 दारूण-भ्रान्ति

शुचीन्यप्यशुचीकर्तुं समर्थेऽशुचिसंभवे ।
देहे जलादिना शौचं भ्रमो मूढस्य दारूणः ॥

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 2 पृ. 232]

— ***ज्ञानसार 14/4***

पवित्र पदार्थ को भी अपवित्र करने में समर्थ और अपवित्र पदार्थ से उत्पन्न हुए इस शरीर को पानी वगैरह से पवित्र करने की कल्पना दारूण भ्रम है ।

85 लड़े सिपाही नाम सरदार का

यथा योधैः कृतं युद्धं स्वामिन्येवोपचर्यते ।
शुद्धात्मन्यविवेकेन, कर्मस्कन्धोर्जितं तथा ॥

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 2 पृ. 232]

— *ज्ञानसार - 15/4*

जैसे योद्धाओं द्वारा खेले गए युद्ध का श्रेय राजा को मिलता है वैसे ही अविवेक के कारण कर्मस्कन्ध का पुण्य-पापरूप फल शुद्ध आत्मा में आरोपित है ।

86 सदा अकेला

एगो वच्चइ जीवो, एगो चेवु व वज्जई ।
एगस्स होइ मरणं, एगो सिज्झइ नीरओ ॥

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 2 पृ. 232]

— *आतुर प्रत्याख्यान - 26*

जीव अकेला आता है और अकेला ही जाता है । अकेला ही मरता है और अकेला ही सिद्ध होता है ।

87 शाश्वत तत्त्व

एगो मे सासओ अप्पा, नाणदंसणसंजुओ ।
सेसा मे बाहिरा भावा, सव्वे संजोग लक्खणा ॥

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग-2 पृ. 232]
एवं [भाग 6 पृ. 457]

— *आतुर प्रत्याख्यान - 27*

ज्ञान-दर्शन स्वरूप मेरी आत्मा ही शाश्वततत्त्व है । इससे भिन्न जितने भी (राग-द्वेष-कर्म-शरीरादि) भाव हैं वे सब संयोगजन्य बाह्यभाव हैं । अत: वे मेरे नहीं हैं ।

88 संयमास्त्र

संयमाऽस्त्र विवेकेन शाणेनोत्तेजितं मुनेः ।
धृति धारोल्बणं कर्म, शत्रुच्छेदक्षमं भवेत् ॥

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 2 पृ. 233]

— *ज्ञानसार - 15/8*

जिसने संयमरूपी शस्त्र को विवेक रूप शाण पर चढ़ाकर धैर्य रूप तीक्ष्णधार की हो, वह मुनि कर्मरूपी शत्रु का छेदन-भेदन करने में समर्थ होता है ।

89 युक्ति युक्त ग्राह्य

पक्षपातो न मे वीरे, न द्वेषः कपिलादिषु ।
युक्तिमद् वचनं यस्य, तस्य कार्यः परिग्रहः ॥

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 2 पृ. 278]
— *लोकतत्त्वनिर्णय - 38*

न तो मुझे महावीर का पक्षपात है और न कपिल आदि मतों से द्वेष है । जिसका वचन युक्ति सङ्गत है उसीके वचन को स्वीकार करना चाहिए ।

90 मति-श्रुत अन्योन्याश्रित

जत्थ आभिणिबोहियणाणं, तत्थ सुयनाणं ।
जत्थ सुअनाणं, तत्थाऽऽभिणिबोहियं णाणं ॥

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 2 पृ. 279]
— *नंदीसूत्र सवृत्ति 24*

जहाँ पर आभिनिबोधिक (मतिज्ञान) होता है वहाँ श्रुतज्ञान अवश्य होता है, यह नियम नहीं है; किन्तु जहाँ श्रुतज्ञान होता है उससे पहले मतिज्ञान अवश्य होता है ।

91 निःसार संयमी

कुल गाम नगर रज्जं, पयहियं जो तेसु कुणइ हु ममत्तं ।
सो नवरि लिंगधारी, संजम जोएण निस्सारो ॥

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 2 पृ. 334]
— *गच्छाचार पयन्ना - 1/24*

जो कुल = घर, गाँव, नगर और राज्यादि शाहीठाठ छोड़कर पुन: उसके प्रति ममत्त्व भाव या आसक्ति रखते हैं; तो वे आचार्य संयम भाव से शून्य हैं, रिक्त हैं, मात्र वेशधारी ही आचार्य हैं ।

92 आचार्य भ.-उत्तरदायित्त्व

विहिणा जो उ चोएइ, सुत्तं अत्थं च गाहई ।
सो धन्नो सो अ पुण्णो अ, स बंधू मुक्खदायगो ॥

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 2 पृ. 334]

— *गच्छाचारपयन्ना - 1/25*

जो आचार्य शिष्य समूह को विधिपूर्वक सारणा, वारणा, चोयणा आदि में प्रेरित करते हैं तथा सूत्र और अर्थ का अध्यापन करवाते हैं; वे ही आचार्य धन्य, पवित्र, बन्धु के समान और मुक्तिदायक हैं ।

93 पुरः स्पर्शी पारदर्शी

स एव भव्वसत्ताणं, चक्खुभूए वियाहिए ।
दंसेइ जो जिणुद्दिट्ठं, अणुट्ठाणं जहाट्ठियं ॥

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 2 पृ. 335]

— *गच्छाचार पयन्ना - 1/26*

जो आचार्य भगवन्त तीर्थंकर परमात्मा द्वारा प्रकाशित सम्यग् दर्शन-ज्ञान-चारित्र रूपी रत्नत्रयी यथास्थित दर्शाते हैं, वे ही आचार्य भव्य प्राणिओं के लिए चक्षु के समान कहे गए हैं ।

94 आचार्य गोपाल तुल्य

आचार्यस्यैव तत् जाड्यं, यच्छिष्यो नावबुध्यते ।
गावो गोपालकेनैव कुतीर्थे नावतारिताः ॥

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 2 पृ. 337]

— *आवश्यकमलयगिरि - 1/1*

यदि शिष्य को ज्ञान नहीं होता तो वह आचार्य की ही जड़ता है, क्योंकि गायों को कुघाट में उतारने वाला वस्तुतः गोपाल ही है ।

95 शत्रु-गुरु

संगहोवग्गहं विहिणा न करेइ य जो गणी ।
समणं समणिं तु दिक्खित्ता समायारि न गाहए ॥
बालाणं जो उ सेसाणं, जीहाए उवलिंपए ।
तं सम्ममग्गं गाहेइ, सो सूरी जाण वेरिओ ॥

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 2 पृ. 337]

— *गच्छाचार पयन्ना - 15/16*

जो आचार्य - गुरु आगमोक्त विधिपूर्वक शिष्यों के लिए संग्रह (वस्त्र-पात्र, क्षेत्र आदि का) तथा उपग्रह (ज्ञान-दान आदि का) नहीं करता, श्रमण-श्रमणी को दीक्षा देकर साधु-समाचारी नहीं सिखाता एवं बाल शिष्यों को सन्मार्ग में प्रेरित न करके केवल गाय-बछड़े की तरह उन्हें जीभ से चूमता या चाटता है, वह आचार्य (गुरु) शिष्यों का शत्रु है।

96 गुरु-वैरी

जीहाए विलिहंतो, न भद्दओ सारणा जहिं नत्थि ।
दण्डेण वि ताडंतो, स भद्दओ सारणा जत्थ ॥

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 2 पृ. 337]
— ***गच्छाचार पयन्ना - १/१७***

जो आचार्य शिष्यों को स्नेह-वात्सल्यपूर्वक चुम्बन करते हैं, परन्तु हितमार्ग में प्रवृत्ति करानेवाली तथा स्वकर्तव्य का बोध करानेवाली सारणा, वारणा, चोयणा आदि नहीं करते हैं, वे आचार्य हितकारी-कल्याणकारी नहीं हैं, किन्तु जो सद्गुरु सारणा-वारणादि के साथ कभी दण्डादि से ताड़ना-तर्जना करते हैं, तो भी वे हितकारी हैं, श्रेष्ठ हैं।

97 ज्ञान ज्योतिष्मान्

जह दीवो दीवसयं पइप्पए दीप्पइ य ।
सो दीव समा आयरिआ, अप्पं च परं च दीवंति ॥

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 2 पृ. 337]
— ***उत्तराध्ययन निर्युक्ति - ८***

जिसप्रकार दीपक स्वयं प्रकाशमान होता हुआ अपनी दीप्ति से अन्य सैकड़ों दीपकों को जला देता है, उसीप्रकार सद्गुरु आचार्य स्वयं ज्ञान-ज्योति से प्रकाशित होते हैं और दूसरों को भी प्रकाशमान् करते हैं।

98 गच्छ-धुरि

मेढी आलंबणं खंभं दिट्ठि जाण सु उत्तमं ।
सूरी जं होइ गच्छस्स, तम्हा तं तु परिक्खए ॥

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 2 पृ. 348]

— *गच्छाचार पयन्ना* - *8*

आचार्य भ. गच्छ के प्रमुख परिवाहक (स्तम्भरूप परिचालक) हैं और निश्छिद्रवाहन हैं। अत: चहुँमुखी दृष्टि से आचार्यश्री का निरीक्षण करते रहो, साधते रहो, समझते रहो और मानते रहो व सूझबूझ से देखते रहो।

99 जिणवाणी-सार

अंगाणं किं सारो ? आयारो ।

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 2 पृ. 372]

— ***आचारांग निर्युक्ति*** - *16*

जिणवाणी (अंग-साहित्य) का सार क्या है ? 'आचार' सार है।

100 आचरण से निर्वाण

सारो परूवणाए चरणं तस्स विय होइ निव्वाणं ।

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 2 पृ. 372]

— ***आचारांग निर्युक्ति*** - *17*

प्ररूपणा का सार है — आचरण। आचरण का सार (अन्तिमफल) है - निर्वाण।

101 स्वाध्याय तप - निर्मल

सज्झाय सज्झाणरयस्स ताइणो, अपाव भावस्स तवेरयस्स ।
विसुज्झइ जं से मलं पुरे कडं, समीरियं रूप्पमलं व जोइणा ॥

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 2 पृ. 387]

— ***दशवैकालिक*** - *8/63*

जैसे अग्नि द्वारा तपाए हुए सोने-चाँदी का मैल दूर हो जाता है वैसे ही स्वाध्याय-सद्ध्यान में लीन, षट्काय रक्षक, शुद्ध अन्त:करण एवं तपश्चर्या में रत साधु का पूर्व संचित कर्म-मैल नष्ट हो जाता है।

102 त्रस-हिंसा निषेध

तसे पाणे न हिंसेज्जा ।

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 2 पृ. 387]

— **दशवैकालिक** - **8/12**

चलते-फिरते जीवों की हिंसा मत करो ।

103 स्व-पर रक्षक

तव चिमं जोगयं च, सज्झाय जोगं च सया अहिट्ठिए ।
सूरे व सेणाए समत्त माउहे, अलमप्पणो होइ अलं परेसिं ॥

— श्री अभिधान राजेन्द्र कोष [भाग 2 पृ. 387]
— *दशवैकालिक - 8/62*

जो श्रमण तपयोग, संयमयोग एवं स्वाध्याय-योग में सदा निष्ठापूर्वक प्रवृत्ति करता है, वह अपनी और दूसरों की रक्षा करने में उसीप्रकार समर्थ होता है जिसप्रकार सेना से युक्त समग्र आयुधों से सुसज्जित शूरवीर ।

104 अनभ्र चन्द्र सम श्रमण

से तारिसे दुक्खसहे जिइंदिए, सुएण जुत्ते अममे-अकिंचणे ।
विरायइ कम्म घणम्मि अवगए, कसिणब्भपुडागमेव चंदिमित्ति ॥

— श्री अभिधान राजेन्द्र कोष [भाग 2 पृ. 387]
— *दशवैकालिक - 8/64*

जो श्रमण सर्व गुणों से युक्त हैं, दु:खों को समभावपूर्वक सहन करनेवाला है, जितेन्द्रिय, श्रुत से युक्त, ममत्व-रहित और अकिंचन है, वह कर्मरूपी मेघों से दूर होने पर वैसे ही सुशोभित होता है जैसे सम्पूर्ण अभ्रपटल से मुक्त चन्द्रमा ।

105 निष्काम आचार

नो कित्ति-वण्ण सद्द-सिलोगट्ठयाए आयार महिट्ठेज्जा ।

— श्री अभिधान राजेन्द्र कोष [भाग 2 पृ. 389]
— *दशवैकालिक - 9/4/5*

आचार का पालन कीर्ति, वर्ण (यश) शब्द और श्लाघा के लिए नहीं होना चाहिए ।

106 अप्रमत्त-साधक

जे ते अप्पमत्त संजता ते णं
नो आयारंभा नो परारम्भा, जाव आणारम्भा ।

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 2 पृ. 392]

— ***भगवती 1/1/7 (2)***

आत्म-साधना में अप्रमत्त रहनेवाले साधक, न अपनी हिंसा करते हैं, न दूसरों की; वे सर्वथा - अहिंसक रहते हैं ।

107 शोक नहीं

अलाभोत्ति न सोएज्जा ।

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 2 पृ. 393]

— ***आचारांग 1/2/5/89***

(इष्ट वस्तु का) लाभ न होने पर शोक नहीं करें ।

108 संग्रह-वृत्ति-त्याग

बहुंपि लद्धुं ण णिहे ।

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 2 पृ. 393]

— ***आचारांग - 1/2/5/89***

अधिक मिलने पर भी संग्रह न करें ।

109 आहार की अनासक्ति

लाभोत्ति ण मज्जेज्जा ।

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 2 पृ. 393]

— ***आचारांग 1/2/5/89***

(इष्ट वस्तु का) लाभ होने पर अहंकार न करें ।

110 परिग्रह से दूर

परिग्गहाओ अप्पाणं अवसक्केज्जा ।

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 2 पृ. 393]
एवं [भाग-4 पृ. 2737]

— ***आचारांग - 1/2/5/89***

साधक परिग्रह से अपने आपको दूर रखें ।

111 मुनि का आहार

लद्धे आहारे अणगारे मातं जाणेज्जा ।

— श्री अभिधान राजेन्द्र कोष [भाग 2 पृ. 393]

— *आचारांग - 1/2/5/89*

आहार प्राप्त होने पर मुनि आगम के अनुसार उस भोजन का परिमाण जाने अर्थात् जितना आवश्यक हो उतना ही ग्रहण करें।

112 द्विविध बन्धन

दुहाओ छित्ता नेयाइ ।

— श्री अभिधान राजेन्द्र कोष [भाग 2 पृ. 393]

— *आचारांग - 1/1/5/88*

एवं 1/8/3

भिक्षु राग-द्वेष दोनों बन्धनों को छेदकर नियमित जीवन जीता है।

113 आरम्भ-निवृत्ति

आरंभा विरमेज्ज सुव्वते ।

— श्री अभिधान राजेन्द्र कोष [भाग 2 पृ. 398]

— *सूत्रकृतांग - 1/2/1/3*

सुव्रती आरम्भ के कार्यों से दूर रहे।

114 उद्‌बोधन

णो सुलभा सुगई वि पेच्चओ ।

— श्री अभिधान राजेन्द्र कोष [भाग 2 पृ. 398]

— *सूत्रकृतांग - 1/2/1/3*

मरने के बाद जीव को सद्‌गति आसानी से प्राप्त नहीं होती। (अत: जो कुछ सत्कर्म करना है यहीं करो।)

115 आलम्बन

सालंबणो पडंतो, अप्पाणं दुग्गमेऽवि धारेइ ।
इय सालंबण सेवा, धारेइ जइं असढभावं ॥

— श्री अभिधान राजेन्द्र कोष [भाग 2 पृ. 421]

— आवश्यक निर्युक्ति - 3/1186

किसी आलम्बन के सहारे दुर्गम गर्त आदि में नीचे उतरता हुआ व्यक्ति अपने को सुरक्षित रख सकता है । इसीतरह ज्ञानादिवर्धक किसी विशिष्ट हेतु का आलम्बन लेकर अपवाद मार्ग में उतरता हुआ सरलात्मा साधक भी अपने को दोष से बचाए रख सकता है ।

116 विशिष्ट-ज्ञान

सालंबसेवी समुवेति मोक्खं ।

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 2 पृ. 421]
एवं [भाग-7 पृ. 778]

— ***व्यवहारभाष्य पीठिका - 184***

जो साधक किसी विशिष्ट ज्ञानादि हेतु से अपवाद (निषिद्ध) का आचरण करता है वह भी मोक्ष प्राप्त करने का अधिकारी है ।

117 यथार्थ-आत्मलोचन

जह बालो जंपंतो कज्जमकज्जं व उज्जुयं भणइ ।
तं तह आलोएज्जा मायामय विप्पमुक्को उ ॥

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 2 पृ. 428-431]

— ***ओघनिर्युक्ति-801***

बालक जो भी उचित या अनुचित कार्य कर लेता है, वह सब सरल भाव से कह देता है इसीप्रकार साधक को भी गुरुजनों के समक्ष दंभ और अभिमान से रहित होकर यथार्थ आत्मालोचन करना चाहिए ।

118 कर्मभार-मुक्ति

उद्धरियं सव्व सल्लो आलोइय निंदिओ गुरु सगासे ।
होइ अतिरेग लहुओ, ओहरिय भरोव्व ॥

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 2 पृ. 432]

— ***ओघनिर्युक्ति - 806***

जो साधक गुरुजनों के समक्ष मन के समस्त शल्यों (काँटों) को निकाल कर आलोचना, निन्दा (आत्म-निंदा) करता है, उसकी आत्मा उसीप्रकार हल्की हो जाती है जैसे—सिर का भार उतार देने पर भारवाहक ।

119 विश्वमैत्री

मित्ति मे सव्वभूएसु, वेरं मज्झ ण केणइ ।

– श्री अभिधान राजेन्द्र कोष [भाग 2 पृ. 432]
एवं [भाग-5 पृ. 317]

– *महानिशीथ 1/59 एवं श्राद्धप्रतिक्रमण 49*

समस्त प्राणियों के साथ मेरी मित्रता है। किसी के साथ भी मेरा वैर विरोध नहीं है।

120 प्रमाणोपेत आहार

बत्तीसं किर कवला, आहारो कुच्छि पूरओ भणिओ ।
पुरिसस्स महिलाए, अट्ठावीसं भवे कवला ॥

– श्री अभिधान राजेन्द्र कोष [भाग 2 पृ. 449]

– *पिण्ड निर्युक्ति गाथा 642*

सामान्यतया पुरुष के लिए (श्रमण) बत्तीस कवल जितना आहार और स्त्री (श्रमणी) के लिए अट्ठावीस कवल जितना आहार प्रमाणोपेत कहा जाता है।

121 आलोचना : पर-साक्षी

छत्तीस गुणसम्पन्ना गण्णते णावि अवस्स कायव्वा ।
परसक्खिया विसोही, सुट्ठु वि ववहार कुसलेण ॥
जह कुसलो वि वेज्जो, अन्नस्स कहेइ अत्तणो वाही ।
विज्जस्स य सोयंतो, पडिकम्मं समारभतो ॥

– श्री अभिधान राजेन्द्र कोष [भाग 2 पृ. 450]

– *ओघनिर्युक्ति - 794/795*

आचार्य के छत्तीस गुणों से समन्वित एवं श्रेष्ठ ज्ञान व क्रिया-व्यवहार आदि में विशेष निपुण श्रमण भी पाप-शुद्धि पर-साक्षी से ही करे, अपने आप नहीं। जैसे परम कुशल वैद्य भी अपनी बीमारी दूसरे वैद्य से कहता है, उससे ही इलाज करवाता है एवं उस वैद्य के कथनानुसार कार्य भी करता है; वैसे ही आलोचक प्रायश्चित्त-विधि में स्वयं दक्ष होते हुए भी अपने दोषों की आलोचना प्रकट रूप से अन्य के समक्ष करे।

122 आलोचना से ऋजुता

आलोयणाए णं उज्जुभावं च जणयइ ।

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 2 पृ. 465]

— ***उत्तराध्ययन*** - *29/7*

आलोचना से ऋजुता-निष्कपटता के भाव पैदा होते हैं ।

123 सांध्य आवश्यक

समणेण सावएण य अवस्स कायव्व हवति जम्हा ।
अंतो अहो निसिस्सउ तम्हा आवस्सयं नाम ॥

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 2 पृ. 472]

— ***अनुयोगद्वार*** - *29-3*

दिन-रात की संधि के समय श्रमण-श्रावक को अवश्य करने योग्य होने से इसे 'आवश्यक' कहा गया है ।

124 शुभाशुभ-कर्म-सञ्चय

मैत्र्यादिवासितं चेतः, कर्म स्यूते शुभात्मकं ।
कषायविषयाक्रान्तं, वितनोत्यशुभं मनः ॥

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 2 पृ. 503]

— ***योगशास्त्र*** - *4/75*

मैत्री आदि चार भावनाओं से सुवासित किया हुआ मन शुभ कर्म उत्पन्न करता है जबकि क्रोध, मान, माया और लोभ रूपी कषाय तथा विषयों से व्याप्त हुआ मन अशुभ कर्म सञ्चित करता है ।

125 सत्यासत्यवचन

शुभार्जनाय निर्मिथ्यं, श्रुतज्ञानाश्रितं वचः ।
विपरीतं पुनर्ज्ञेयमशुभार्जनहेतवे ॥

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 2 पृ. 503]

— ***योगशास्त्र*** - *4/76*

आगमानुसारी सत्यवचन तथा उससे विपरीत वचन क्रमशः शुभ और अशुभ कर्म की प्राप्ति कराते हैं ।

126 शुभाशुभ कर्म उपार्जन

शरीरेण सुगुप्त शरीरी चिनुते शुभम् ।
सततारम्भिणा जन्तुघातकेनाशुभं पुनः ॥

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 2 पृ. 503]
— ***योगशास्त्र - 4/77***

शुभ प्रवृत्तिवाले शरीर द्वारा प्राणी शुभ कर्म सञ्चित करता है और हिंसक तथा पाप-प्रवृत्तिवाले शरीर द्वारा वह अशुभ कर्म उपार्जित करता है ।

127 अशुभ-कर्म-हेतु

कषाया विषया योगाः प्रमादाविरती तथा ।
मिथ्यात्वमार्तरौद्रे चेत्यशुभं प्रति हेतवः ॥

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 2 पृ. 503]
— ***योगशास्त्र - 4/78***

कषाय, विषय, योग, प्रमाद, अविरति, मिथ्यात्व और आर्त-रौद्र ध्यान — ये सब अशुभ कर्म के हेतु हैं ।

128 धर्मोपदेश - पद्धति

अणुवीइ भिक्खू धम्ममाइक्खमाणेणो अत्ताणं,
आसादेज्जा णो परं आसादेज्जा ।

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 2 पृ. 512]
— ***आचारांग 1/6/5/97***

विवेक पूर्वक धर्म की व्याख्या करता हुआ भिक्षु न तो अपने आपको पीड़ा पहुँचाए और न दूसरे को पीड़ा पहुँचाए ।

129 अनुग्रहार्थ - प्राकृत - रचना

बाल-स्त्री-मूढ-मूर्खाणां, नृणां चारित्रकाङ्क्षिणाम् ।
अनुग्रहार्थं तत्त्वज्ञैः, सिद्धान्तः प्राकृतः कृतः ॥

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 2 पृ. 512]
— ***धर्मबिन्दु सटीक 2/69 [60]***

बाल, स्त्री, मूढ व मूर्ख मनुष्यों तथा चारित्र ग्रहण करने की इच्छावालों पर अनुग्रह करने के लिए तत्त्वज्ञों ने सिद्धान्त की रचना प्राकृत में की है।

130 महामुनि - असंदीनद्वीप

जहा से दीवे असंदीणे एवं से भवति सरणं महामुणी ।

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 2 पृ. 512]

— ***आचारांग - 1/6/5/197***

महामुनि संसार-प्रवाह में डूबते हुए जीवों के लिए वैसे ही शरणभूत होता है। जैसे — समुद्र में डूब रहे जलयात्रियों के लिए असंदीनद्वीप।

131 रसासक्ति

विषया विनिवर्तन्ते, निराहारस्य देहिनः ।
रसवर्ज रसोऽप्येवं, परं दृष्ट्वा निवर्तते ॥

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 2 पृ. 548]

— ***भगवद्गीता 2/59***

यद्यपि इन्द्रियों द्वारा विषयों को ग्रहण नहीं करनेवाले पुरुष के भी केवल विषय तो निवृत्त हो जाते हैं, परन्तु राग (आसक्ति) निवृत्त नहीं होता और स्थिरबुद्धि पुरुष का तो राग भी परमात्मा को साक्षात् करके निवृत्त हो जाता है।

132 लङ्घन हितकर

ज्वरादौ लङ्घनं हितं ।

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 2 पृ. 548]

— ***चरक संहिता -ज्वर प्रकरण***

ज्वरादि में लङ्घन — उपवास हितकारी है।

133 भूख-वेदना

नत्थि छुहाए सरिसया वेयणा ।

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 2 पृ. 548]

— ***ओघनिर्युक्ति भाष्य - 290***

संसार में भूख के समान कोई वेदना नहीं है।

134 आहार त्याग किसलिए ?

छहिं ठाणेहिं समणे निग्गंथे आहारं वोच्छिंदमाणे णाइक्कमइ तंजहा —

आयंके उवसग्गे तितिक्खया बंभचेर गुत्तीसु ।
पाणिदया तवहेउं, सरीरवोच्छेयणट्ठाए ॥

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 2 पृ. 548]

— ***पिण्ड निर्युक्ति 96***

छह कारणों से श्रमण-निर्ग्रन्थ आहार का त्याग करता हुआ जिनाज्ञा का उल्लंघन नहीं करता । जैसे — रोग एवं उपसर्ग होने पर, ब्रह्मचर्य का पालन नहीं कर सकने पर, जीवदया न पल सकने पर, तपश्चर्या करने के लिए और अनशनादि द्वारा शरीर छोड़ने के लिए ।

135 संसार-वलय से मुक्त

नो जीवियं णो मरणाभिकंखी ।
चरेज्ज वलया विमुक्के ॥

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 2 पृ. 550]

— ***सूत्रकृतांग 1/10/24***

साधु न तो जीवन की आकांक्षा करे और न मरण की । वह संसारचक्र से मुक्त होकर संयम-पथ में विचरण करें ।

136 समाधिकामी निरपेक्ष

निक्खम्म गेहाउ निरावकंखी ।

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 2 पृ. 550]

— ***सूत्रकृतांग 1/10/24***

समाधिकामी साधु अपने घर से निष्क्रमण कर (दीक्षा लेकर) अपने जीवन के प्रति निराकांक्षी हो जाए ।

137 साधक-परिशुद्ध

सुद्धे सिया जाए न दूसएज्जा ।

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 2 पृ. 550]

— *सूत्रकृतांग 1/10/23*

साधक भलीभाँति शुद्ध होता हुआ समय व्यतीत करे और दूषित नहीं होवे ।

138 संयम पराक्रम

धितिमं विमुक्केण य पूयणट्ठी ।
न सिलोयगामी य परिव्वएज्जा ॥

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 2 पृ. 550]
— *सूत्रकृतांग 1/10/23*

धैर्यशाली पुरुष विकारों से मुक्त होता हुआ अपने लिए पूजा और यशकीर्ति की इच्छा नहीं करे तथा संयमशील होता हुआ विचरे ।

139 अनशन-लाभ

आहार पच्चक्खाणेणं जीवियासंसप्पओगं वोच्छिन्दइ ।

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 2 पृ. 554]
— *उत्तराध्ययन 29/35*

अनशन से जीव जीवन की लालसा से छूट जाता है ।

140 अहितकारिणी निन्दा -

अहऽसेयकरी अन्नेसिं इंखिणी ।

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 2 पृ. 559]
— *सूत्रकृतांग 1/2/2/1*

दूसरों की निन्दा अश्रेयस्कारिणी है अर्थात् हितकारिणी नहीं है ।

141 अनुपम सर्वोत्तम सूर्यप्रकाश

तावद् गर्जति खद्योतस्तावद् गर्जति चन्द्रमाः ।
उदिते तु सहस्रांशौ न, खद्योतो न चन्द्रमाः ॥

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 2 पृ. 572]
— *कल्पसुबोधिका सटीक - 2*

जुगनू तब तक चमकता है, चन्द्रमा तब तक प्रकाशमान रहता है, जब तक सूर्य उदित न हो, मगर सूर्योदय होनेपर न तो जूगनू का और न चन्द्रमा का प्रकाश रहता है ।

142 त्रिपदी

उप्पन्ने वा, विगमे वा धुवेति वा ।

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 2 पृ. 573]

— ***स्याद्वादमंजरी* - 263**

प्रत्येक पदार्थ उत्पन्न भी होता है, नष्ट भी होता है और स्थिर भी रहता है — यही तीर्थंकर प्रदत्त 'त्रिपदी' कहलाती है ।

143 आत्मा शरीर से भिन्न

क्षीरे घृतं तिले तैलं काष्ठेऽग्निः सौरभं सुमे ।
चन्द्रकान्ते सुधा यद्वत् तथात्माप्यङ्गतः पृथक् ॥

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 2 पृ. 573]

— ***कल्पसुबोधिका सटीक - एवं***
श्री कल्पसूत्रबालावबोध पृ. 254

जैसे दूध में घी, तिल में तेल, काष्ठ में अग्नि, फूल में सुगन्ध, चंद्र की कान्ति में अमृत विद्यमान है, वैसे ही आत्मा भी शरीर में रहते हुए भी शरीर से भिन्न है ।

144 विषय-दौड़

पुरः पुरः स्फुर तृष्णा, मृग तृष्णाऽनुकारिषु ।
इन्द्रियार्थेषु धावन्ति, त्यक्त्वा ज्ञानाऽमृतं जड़ाः ॥

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 2 पृ. 597]

— ***ज्ञानसार* - 7/6**

जिन्हें उत्तरोत्तर बढ़ती हुई तृष्णा है, वे मूर्खजन ज्ञानरूपी अमृतरस का त्याग कर मृगतृष्णा के समान इन्द्रियों के विषयों की ओर दौड़ते रहते हैं ।

145 मूर्ख की मृग तृष्णा

गिरिमृत्स्नां धनं पश्यन् धावतीन्द्रियः मोहितः ।
अनादि निधनं ज्ञानं-धनं पार्श्वे न पश्यति ॥

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 2 पृ. 597]

— *ज्ञानसार - 7/5*

इन्द्रिय-पाश में फंसा जीव मोह से पर्वत की मिट्टी को धन मानकर दौड़ता है, परन्तु अन्तस्थ अनादि अनन्त ज्ञान-धन को वह नहीं देख सकता है ।

146 इन्द्रिय परवश की दुर्दशा

पतङ्गभृंग मीनेभ सारङ्गा यान्ति दुर्दशाम् ।
एकैकेन्द्रिया दोषाच्चेत् दुष्टैस्तैः किं न पञ्चभिः ॥

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 2 पृ. 597]

— *ज्ञानसार 7/7*

जब पतंग, भ्रमर, मत्स्य, हाथी मृग, एक-एक इन्द्रिय-दोष से भी दुर्दशा प्राप्त करते हैं तब फिर पाँचों दुष्ट इन्द्रियों के वश हुए जीव का क्या कहना ?

147 विकार विषवृक्ष

वृद्धास्तृष्णाजलाऽपूर्णैरालवालैः किलेन्द्रियः ।
मूर्च्छामतूच्छां यच्छन्ति, विकार विषपादपाः ॥

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 2 पृ. 597]

— *ज्ञानसार 7/2*

तृष्णारूपी जल से, लबालब भरी इन्द्रियरूपी क्यारियों से फले-फूले विषय-विकार रूपी विषवृक्ष जीवात्मा को तीव्र-मूर्च्छा-मोह पैदा करते हैं ।

148 इन्द्रिय-विजेता बनो

बिभेषि यदि संसारान् मोक्ष-प्राप्तिं च काङ्क्षसि ।
तदेन्द्रिय जयं कर्तुं स्फोरय स्फारपौरूषम् ॥

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 2 पृ. 597]

— *ज्ञानसार 7/1*

यदि तुम संसार से भयभीत हो और मोक्ष-प्राप्ति चाहते हो, तो अपनी इन्द्रियों पर विजय पाने के लिए दृढ़ पराक्रम करो ।

149 अन्तरात्म-तृप्ति

सरित्सहस्र दुष्पूर समुद्रोदर सोदरः ।
तृप्तिमानेन्द्रियग्रामो, भव तृप्तोऽन्तरात्मना ।

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 2 पृ. 597]
— ***ज्ञानसार 7/3***

हजारों नदियों से समुद्र दुष्पूर होता है। इन्द्रियाँ भी तृप्त नहीं होती है। अत: अन्तरात्मा से ही तृप्त बन।

150 प्रमाणभूत अन्तर

तुल्लेवि इंदियत्थे, एगो सज्जइ विरज्जइ एगो ।
अब्भत्थं तु पमाणं, न इंदियत्था जिणावेंति ॥

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 2 पृ. 598]
— ***व्यवहारभाष्य - 2/54***

इन्द्रियों के विषय समान होते हुए भी एक उनमें आसक्त होता है, और दूसरा विरक्त। जिनेश्वरदेव ने बताया है कि इस सम्बन्ध में व्यक्ति का अन्तर् हृदय ही प्रमाणभूत है, इन्द्रियों के विषय नहीं।

151 नारी पंक –

पंकभूयाउ इत्थिओ ।

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 2 पृ. 615]
— ***उत्तराध्ययन 2/19***

स्त्रियाँ कीचड़ के समान होती हैं।

152 आत्मान्वेषक

चरेज्ज अत्तगवेसए ।

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 2 पृ. 615]
— ***उत्तराध्ययन 2/19***

आत्मस्वरूप की खोज में विचरण करें।

153 स्त्री संसर्ग-दुःख

पुव्वंदण्डा पच्छा फासा, पुव्वं फासा पच्छा दंडा ।

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 2 पृ. 616]

— ***आचारांग*** *- 1/5/4/164*

स्त्रीसंग में रत व्यक्तियों को कहीं हीं पहले संकट उठाने पड़ते हैं और बाद में स्पर्श-सुख प्राप्त होता है तो कहीं पहले स्पर्श-सुख और बाद में संकट सहने पड़ते हैं ।

154 वासनोत्पीड़ित निर्बलाहारी

उब्बाधिज्जमाणे गामधम्मेहिं अविनिब्बलासए ।

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 2 पृ. 616]

— ***आचारांग 1/5/4/164***

विषय-वासना से पीड़ित होने पर साधक निर्बल-हल्का भोजन करें ।

155 उणोदरिका तप

अवि ओमोदरियं कुज्जा ।

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 2 पृ. 616]

— ***आचारांग*** *- 1/5/4/164*

भूख की अपेक्षा कम खाए ।

156 कायोत्सर्ग

अवि उड्ढं ठाणं ठाएज्जा ।

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 2 पृ. 616]

— ***आचारांग*** *- 1/5/4/164*

उर्ध्वस्थान पर खड़े रहकर कायोत्सर्ग करें ।

157 अनशन

अवि आहारं वोच्छिदेज्जा ।

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 2 पृ. 616]

— ***आचारांग*** *- 1/5/4/164*

काम-भोगों से पीड़ित होने पर सर्वथा आहार का परित्याग करें ।

158 आकृष्ट मन का त्याग

अवि चए इत्थीसु मणं ।

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 2 पृ. 616]

— ***आचारांग - 1/5/4/164***

स्त्रियों के प्रति आकृष्ट होने वाले मन का परित्याग करें ।

159 विचरण

अविगामाणुगामं दूइज्जेज्जा ।

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 2 पृ. 616]

— ***आचारांग - 1/5/4/164***

ग्रामानुग्राम विहार करें ।

160 काम-से कलह और आसक्ति

इच्चेए कलहा संगकरा भवंति ।

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 2 पृ. 616]

— ***आचारांग 1/5/4/164***

ये काम-भोग, कलह और आसक्ति पैदा करनेवाले होते हैं ।

161 प्रभूतज्ञानी का पर्यालोचन

से पभूयदंसी.... सदा जते दट्ठुं विप्पडिवेदेति
अप्पाणं किमेस जणो करिस्सति ?

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 2 पृ. 616]

— ***आचारांग - 1/5/4/164***

विपुलदर्शी, विपुलज्ञानी सदा इन्द्रियजयी पुरुष (ब्रह्मचर्य से विचलित करने के लिए उद्यत स्त्रीजन को) देखकर अपने मन में विचार करता है "वह स्त्रीजन मेरा क्या करेगा ?"

162 तीन अदृश्य

जल मज्झे मच्छपयं, आगासे पक्खियाण पयपंती ।
महिलाण हियमग्गो, तिन्नवि लोए न दीसंति ॥

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 2 पृ. 618]

— ***गच्छाचारपयन्ना सटीक - 2 अधि.***

जल की गहराई में मत्स्य के पैर, आकाश में पक्षियों के पैरों की पंक्ति और महिलाओं का अन्तर्हृदय - ये तीनों इस संसारमें दिखाई नहीं देते ।

163 देव के लिए भी असंभव

अश्वप्लुतं माधवगर्जितं च,
स्त्रीणां चरित्रं भवितव्यता च ।
अवर्षणञ्चाप्यतिवर्षणं च,
देवो न जानाति कुतो मनुष्यः ॥

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 2 पृ. 618]

— ***गच्छाचारपयन्ना सटीक - 2 अधि.***

अश्व का उछलना, मधुमास में मेघों की गर्जना, स्त्रियों का चरित्र, भवितव्यता (होनहार) और अतिवृष्टि-अनावृष्टि-इतनी बातें देव भी नहीं जानते तो फिर मनुष्यों की बात ही क्या ?

164 अदृढ़ मन

यदि स्थिरा भवेत् विद्युत्,
तिष्ठन्ति यदि वायवः ।
दैवात्तथापि नारीणां,
न स्थेम्ना स्थीयते मनः ॥

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 2 पृ. 618]

— ***गच्छाचारपयन्ना सटीक 2 अधि.***

कदाचित् विद्युत् स्थिर हो जाय और संयोग से वायु भी ठहर जाय; किन्तु स्त्रियों का मन प्राय: दृढ़ नहीं रहता ।

165 धर्मवीर

धम्मम्मि जो दढमइ, सो सूरो सति ओ य वीरो य ।
णहु धम्मणिरूस्साहो, पुरिसो सूरो सुवलिओ य ॥

— श्री अभिधान राजेन्द्र कोष [भाग 2 पृ. 624]

— *सूत्रकृतांग निर्युक्ति* - 52

जो व्यक्ति धर्म में दृढ निष्ठा रखता है, वस्तुत: वही बलवान् है, वही शूरवीर है। जो धर्म में उत्साहहीन है, वह वीर एवं बलवान् होते हुए भी न वीर है; न बलवान् है।

166 इन्द्रिय बलवत्ता

बलवानिन्द्रयग्रामो विद्वांसमपि कर्षति।

(पंडितोप्यऽत्र मुह्यति)

— श्री अभिधान राजेन्द्र कोष [भाग 2 पृ. 625]

— *मनुस्मृति 2/215*

इन्द्रिय समूह बड़ा बलवान् होता है, वह अवसर आने पर विद्वान् को भी अपनी ओर आकर्षित कर लेता है।

167 एकासन एकान्त निषेध

मात्रा स्वस्त्रा दुहित्रा वा न विविक्तासनो भवेत्।

— श्री अभिधान राजेन्द्र कोष [भाग 2 पृ. 625]

— *मनुस्मृति 2/215*

पंडितजन को चाहिए कि माता, बहन तथा कन्या के साथ भी एकान्त में एक आसन पर न बैठे।

168 रस-लोलुप

सीहं जहा च कुणिमेणं निब्भय मेग चरं पासेणं।

— श्री अभिधान राजेन्द्र कोष [भाग 2 पृ. 626]

— *सूत्रकृतांग 1/4/1/8*

निर्भय अकेला विचरनेवाला सिंह भी मांस के लोभ से जाल में फँस जाता है (वैसे ही आसक्तिवश मनुष्य भी)।

169 विष-कण्टक

तम्हा उ वज्जए इत्थी, विसलित्तं च कंटगं णच्चा।

— श्री अभिधान राजेन्द्र कोष [भाग 2 पृ. 626]

— *सूत्रकृतांग 1/4/1/11*

ब्रह्मचारी, स्त्री-संसर्ग को विषलिप्त कंटक के समान समझकर उससे बचता रहे।

170 स्त्री के साथ विहार निषेध

णो विहरे सहणमित्थीसु

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 2 पृ. 626]

— *सूत्रकृतांग 1/4/1/12*

स्त्रियों के साथ विहार मत करो।

171 कुशील-वचन —

वाया वीरियं कुसीलाणं।

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 2 पृ. 627]

— *सूत्रकृतांग - 1/4/1/17*

सच है कुशीलों के वचन में ही शक्ति होती है (कर्म में नहीं)।

172 भोगासक्त-प्राणी

गिद्धा सत्ता कामेहिं।

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 2 पृ. 627]

— *सूत्रकृतांग 1/4/1/14*

प्राणी काम-भोगों में आसक्त हैं।

173 स्त्री-परिचय-निषिद्ध

अविधूयराहिं सुण्हाहिं धातीहिं अदुवदासीहिं।
महतीहिं वा कुमारीहिं संथवं से णेव कुज्जा अणगारे॥

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 2 पृ. 627]

— *सूत्रकृतांग 1/4/1/13*

चाहे पुत्री हो, पुत्रवधु हो, धाय हो या दासी हो, विवाहित हो या कुमारी हो — श्रमण इन सब में किसी के भी साथ सम्पर्क-परिचय नहीं करें।

174 माया महाठगिनी हम जानी

अन्नं मणेण चिंतेति अन्नं वायाइ कम्मुणा अन्नं।
तम्हा ण सद्दहे भिक्खू, बहुमायाओ इत्थिओ णच्चा॥

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 2 पृ. 628]
— ***सूत्रकृतांग 1/4/1/24***

स्त्रियाँ मन से कुछ और सोचती हैं, वाणी से कुछ और बोलती हैं और कर्म से कुछ और ही करती हैं। इसलिए स्त्रियों को बहुत मायावाली जानकर उन पर विश्वास न करें।

175 मायाविनी नारी

बहुमायाओ इत्थिओ ।

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 2 पृ. 628]
— ***सूत्रकृतांग - 1/4/1/24***

स्त्रियाँ बहुत मायाविनी होती हैं।

176 स्त्री-संसर्ग

जतुकुंभे जहा उवज्जोती संवासे विदु विसीएज्जा ।

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 2 पृ. 629]
— ***सूत्रकृतांग 1/4/1/26***

जैसे लाख से निर्मित घड़ा आग से पिघल जाता है, वैसे ही बुद्धिमान् पुरुष भी स्त्री-संसर्ग से स्खलित हो जाते हैं।

177 दोहरी मूर्खता

बालस्स मंदयं बितियं जं च कडं अवणाजई भुज्जो ।
दुगुणं करेइ से पावं, पूयण कामए विसण्णेसी ॥

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 2 पृ. 629]
— ***सूत्रकृतांग 1/4/1/29***

मूर्ख साधक की दूसरी मूर्खता यह है कि वह बार-बार किए हुए पापकर्मों को 'नहीं किया' कहता है। अत: वह दुगुना पाप करता है। वह जगत् में अपनी पूजा चाहता है, किन्तु असंयम की इच्छा करता है।

178 प्रलोभन

णीवारमेयबुज्झेज्जा ।

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 2 पृ. 629]
— ***सूत्रकृतांग 1/4/1/31***

प्रलोभन को साधु सूअर को फंसानेवाले चावल के दाने के समान समझे ।

179 मोहग्रस्त - मूर्खात्मा

बद्धे य विसयपासेहिं मोहमागच्छती पुणो मंदे ।

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 2 पृ. 629]

— *सूत्रकृतांग - 1/4/1/31*

विषय-पाशों से बँधी हुई मूर्खात्मा बार-बार मोहग्रस्त होती है ।

180 स्त्री-संसर्ग त्याग

एवित्थियाहिं अणगारा ।
संवासेण णासमुवयंति ॥

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 2 पृ. 629]

— *सूत्रकृतांग 1/4/1/27*

स्त्रियों के संसर्ग से अणगार पुरुष भी शीघ्र ही नष्ट (संयमभ्रष्ट) हो जाते हैं ।

181 अग्नि बिन जलती काया

पुत्रश्च मूर्खो विधवा च कन्या, शठं मित्रं चपलं कलत्रम् ।
विलासकालेऽपि दरिद्रता च विनाग्निना पञ्च दहन्ति देहम् ॥

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 2 पृ. 636]

— *नग्गय. 31*

मूर्ख पुत्र, विधवा कन्या, धूर्त मित्र, चञ्चल स्त्री और भोग-विलास के समय में दरिद्रता ये पाँचों चीजें बिना आग के शरीर को जलाती है ।

182 ब्रह्मचर्य-गरिमा —

इत्थिओ जे ण सेवन्ति आदि मोक्खा हु ते जणा ।

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 2 पृ. 641]

— *सूत्रकृतांग 1/15/9*

जो पुरुष स्त्रियों का सेवन नहीं करते, वे सर्वप्रथम मोक्षगामी अर्थात् मोक्ष पहुँचने में सबसे अग्रसर होते हैं ।

183 ब्रह्मचर्य

वाउ व जालमच्चेति, पिया लोगंसि इत्थिओ ।

— श्री अभिधान राजेन्द्र कोष [भाग 2 पृ. 641]

— *सूत्रकृतांग 1/15/8*

जैसे पवन अग्नि-शिखा को पार कर जाता है, वैसे ही महान् त्यागी पराक्रमी पुरुष स्त्रियों के मोह को उल्लंघन कर जाते हैं ।

184 स्त्रीवशी - अज्ञ

इत्थीवसंगता बाला, जिण सासण परम्मुहा ।

— श्री अभिधान राजेन्द्र कोष [भाग 2 पृ. 651]

— *सूत्रकृतांग - 1/3/4/9*

स्त्री के वशीभूत अज्ञानी जीव जिनशासन से विमुख हो जाते हैं ।

185 अनार्य-लक्षण

अज्झोववन्ना कामेहिं ।

पूयणा इव तरूणए ।

— श्री अभिधान राजेन्द्र कोष [भाग 2 पृ. 651]

— *सूत्रकृतांग - 1/3/4/13*

पूतना पिशाचिनी - डाकिनी जैसे छोटे बच्चों पर आसक्त रहती है वैसे ही अज्ञानी-अनार्य काम-भोगों में अत्यधिक आसक्त रहते हैं ।

186 नारी नेह दुस्तर

जहा नदी वेयरणी, दुत्तरा इह संमता ।
एवं लोगंसि नारीओ, दुत्तरा अमतीमता ॥

— श्री अभिधान राजेन्द्र कोष [भाग 2 पृ. 652]

— *सूत्रकृतांग - 1/3/16*

जिसप्रकार सर्व नदियों में वैतरणी नदी दुस्तर मानी गई है, उसीप्रकार इस लोक में कामिनियाँ अविवेकी साधक पुरुष के लिए दुस्तर मानी गई हैं ।

187 समय-बद्ध –

जेहिं काले परिक्कंतं, न पच्छा परितप्पए ।

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 2 पृ. 652]

— ***सूत्रकृतांग - 1/3/4/15***

जो समय पर अपना कार्य कर लेते हैं, वे बाद में पछताते नहीं ।

188 सर्व विघ्नजयी

जेहिं नारीण संजोगा, पूयणापिट्ठतो कता ।
सव्वमेयं निरा किच्चा, ते ठिता सुसमाहिए ॥

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 2 पृ. 652]

— ***सूत्रकृतांग 1/3/4/17***

जिन पुरुषों ने स्त्रियों के संसर्ग तथा काम-विभूषा से पीठ फेर ली हैं, वे साधक इन सभी विघ्नों को पराजित करके सुसमाधि में स्थित रहते हैं ।

189 पीछे पछताय होत क्या ?

अणागयमपस्सन्ता, पच्चुप्पन्नगवेसगा ।
ते पच्छा परितप्पन्ति, झीणे आउम्मि जोव्वणे ॥

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 2 पृ. 652]

— **सूत्रकृतांग 1/3/4/14**

जो व्यक्ति भविष्य में होनेवाले दुःखों की तरफ न देखकर केवल वर्तमान-सुख को ही खोजते हैं, वे आयु और यौवन-काल बीत जाने पर पश्चात्ताप करते हैं ।

190 बंधन-मुक्त

धीरा बंधणुम्मुक्का ।

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 2 पृ. 652]

— ***सूत्रकृतांग 1/3/4/15***

धैर्यशाली बंधन से उन्मुक्त होते हैं ।

191 मृषा-वर्जन

मुसावायं विवज्जेज्जा ।

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 2 पृ. 652]

— ***सूत्रकृतांग 1/3/4/19***

झूठ को छोड़े ।

192 अस्तेय-त्याग

अदिण्णादाणाइ वोसिरे ।

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग-2 पृ. 652]

— ***सूत्रकृतांग 1/3/4/19***

चोरी का त्याग करो ।

193 सुव्रती

सुव्वते समिते चरे ।

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 2 पृ. 652]

— ***सूत्रकृतांग 1/3/4/19***

सुव्रती समितियों का परिपालन करता हुआ विचरण करें ।

194 शास्त्र

हस्तस्पर्श समं शास्त्र तत एव कथञ्चन ।
अत्र तन्निश्चयोपि स्यात् तथा चन्द्रोपरागवत् ॥

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 2 पृ. 671]

— ***योगबिन्दु 316 एवं द्वा० 16 द्वा. 26***

अन्धा मनुष्य जैसे हाथ से छूकर किसी वस्तु के सम्बन्ध में अनुमान करता है, उसीप्रकार शास्त्र के सहारे व्यक्ति आत्मा, कर्म आदि पदार्थों के विषय में निश्चय कर लेता है । जैसे चन्द्र को राहु का स्पर्श शास्त्रों से ही जाना जाता है ।

195 ज्ञान-ज्योति

दव्वुज्जोउ जोओ पगासई परमियम्मि खित्तम्मि ।
भावुज्जोउ जोओ, लोगालोगं पगासेइ ॥

— श्री अभिधान राजेन्द्र कोष [भाग 2 पृ. 772]

— *आवश्यक निर्युक्ति 2/1075*

सूर्य आदि का द्रव्य प्रकाश परिमित क्षेत्र को ही प्रकाशित करता है, किन्तु ज्ञान का प्रकाश तो समस्त लोकालोक को प्रकाशित करता है ।

196 धर्म का लक्षण

दुर्गति प्रसृतान् जन्तून् यस्माद्धारयते पुनः ।
धत्ते चैतान् शुभे स्थाने, तस्माद्धर्म इति स्मृतः ॥

— श्री अभिधान राजेन्द्र कोष [भाग 2 पृ 773]
एवं [भाग-4 पृ 2665]

— *आवश्यकमलयगिरि द्वितीय खण्ड*

जो दुर्गति (पतन के गड्ढे) में पड़ते हुए प्राणियों - को बचाता है और सद्गति (उन्नति के स्थान) में पहुँचाता है, वह 'धर्म' कहलाता है ।

197 अध्यात्म-स्नान

उदगस्स फासेण सिया य सिद्धि सिज्झंसु पाणा बहवे दगंसि ।

— श्री अभिधान राजेन्द्र कोष [भाग 2 पृ. 797]

— *सूत्रकृतांग - 1/7/14*

यदि जल स्पर्श (जलस्नान) से ही सिद्धि प्राप्त हो, तो पानी में रहनेवाले अनेक जीव कभी के मोक्ष प्राप्त कर लेते ?

198 हिंसा

पाणाणि चेवं विणिहंति मंदा ।

— श्री अभिधान राजेन्द्र कोष [भाग 2 पृ. 797]

— *सूत्रकृतांग 1/7/16*

मन्दबुद्धिवाले व्यक्ति प्राणियों की हिंसा करते हैं ।

199 अज्ञानी

आसुरियं दिसं बाला, गच्छंति अवसातमं ।

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 2 पृ. 881]

— ***उत्तराध्ययन 7/10***

अज्ञानी जीव विवश हुए अंधकाराच्छन्न आसुरी गति को प्राप्त होते हैं ।

200 मूलधन

माणुसत्तं भवे मूलं, लाभो देवगई भवे ।
मूलच्छेदेण जीवाणं, नरग तिरिक्खत्तणं धुवं ॥

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 2 पृ. 882]

— ***उत्तराध्ययन - 7/16***

मनुष्य जीवन मूल धन है । देवगति उसमें लाभरूप है । मूलधन के नाश होने पर नर्क-तिर्यञ्च गतिरूप हानि होती है ।

201 कर्म-सत्य

कम्म सच्चा हु पाणिणो ।

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 2 पृ. 883]

— ***उत्तराध्ययन 7/20***

प्राणियों के कर्म ही सत्य है ।

202 मानुषिक काम,क्षुद्र

जहा कुसग्गे उदगं समुद्देण समं मिणे ।
एवं माणुस्सगा कामा, देवकामाण अन्तिए ॥

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 2 पृ. 883]

— ***उत्तराध्ययन 7/23***

मनुष्य सम्बन्धी काम-भोग, देव सम्बन्धी काम-भोगों की तुलना में वैसे ही हैं, जैसे कोई व्यक्ति कुश की नोक पर टिके हुए जल-बिन्दु की तुलना समुद्र से करता है ।

203 धीर का धैर्य

धीरस्स परस्स धीरत्तं, सव्व धम्माणुवत्तिणो ।

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 2 पृ. 884]

— *उत्तराध्ययन 7/29*

क्षमा, मार्दव आदि समस्त धर्मों का परिपालन करने वाले धीरपुरुष की धीरता को देखो ।

204 मूर्खोपदेश –

उपदेशो हि मूर्खाणां, प्रकोपाय न शान्तये ।
पयःपानं भुजङ्गानां केवलं विषवर्द्धनम् ॥

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 2 पृ. 887]
— *हितोपदेश 1/4*

मूर्खों को दिया गया उपदेश प्रकोप के लिए होता है, शान्ति के लिए नहीं । सर्पों को दूध पिलाना मात्र उनके विष का वर्धन करना ही है ।

205 मद्यपान–दुर्गुण

विवेकः संयमोज्ञानं, सत्यं शौचं दया क्षमा ।
मद्यात् प्रलीयते सर्वं, तृण्या वह्निकणादिव ॥

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 2 पृ. 928]
— *योगशास्त्र – 3/16*

जैसे आग की चिनगारी से घास का ढेर जलकर भस्म हो जाता है वैसे ही मदिरापान से विवेक, संयम, ज्ञान, सत्य, शौच, दया और क्षमा आदि सभी गुण नष्ट हो जाते हैं ।

206 मद्य से हानि

मज्जं दुग्गइ मूलं हिरि सिरि मइ धम्म नासकरं ।

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 2 पृ. 928]
— *धर्मसंग्रह – 2/72*

मद्य दुर्गति का मूल है, क्योंकि इससे लज्जा, लक्ष्मी, मति और धर्म का नाश होता है ।

207 अहंकार

सूरं मन्नति अप्पाणं जाव जेतं न पस्सति ।

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 2 पृ. 1050]
— *सूत्रकृतांग 1/3/1/1*

अपनी शेखी बघारनेवाला क्षुद्रजन तभीतक अपने को शूरवीर मानता है जबतक कि सामने अपने से बली विजेता को नहीं देखता है ।

208 स्नेह-त्याग दुष्कर

एते संगा मणुस्साणं पाताला व अतारिमा ।

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 2 पृ. 1051]

— ***सूत्रकृतांग 1/3/2/12***

माता-पिता स्वजन आदि का स्नेह सम्बन्ध छोड़ना मनुष्यों के लिए उसीतरह कठिन है जिसतरह अथाह समुद्र को पार करना ।

209 अज्ञ-दुःखी

सीयंति अबुहा ।

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 2 पृ. 1051]

— ***सूत्रकृतांग - 1/3/2/14***

अज्ञानी दुःखी होते हैं ।

210 स्नेहः एकबंधन

जहा रूक्खं वणे जायं मालुया पडिबंधति ।
एवं णं पडिबंधंति, णातओ असमाहिणा ॥

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 2 पृ. 1051]

— ***सूत्रकृतांग - 1/3/2/10***

जैसे वन में उत्पन्न वृक्ष को मल्लिकालता लिपटकर घेर लेती है उसीप्रकार ज्ञातिजन साधक के चित्त में असमाधि उत्पन्न करके उसे (स्नेह-सूत्र में) बाँध लेते हैं ।

211 श्रेष्ठ धर्म

जीवितं नाहि कंखेज्जा, सोच्चा धम्म अणुत्तरं ।

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 2 पृ. 1051]

— ***सूत्रकृतांग 1/3/2/13***

श्रेष्ठ धर्म का श्रवण करके जीने की आकांक्षा नहीं करें ।

212 ज्ञाति-स्नेह-बंधन

तं च भिक्खू परिण्णाय सव्वे संगा महासवा ।

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 2 पृ. 1051]

— ***सूत्रकृतांग 1/3/2/13***

ज्ञाति-संसर्ग को संसार का कारण समझ कर साधु उसका परित्याग करे ।

213 कायर-साधक

कीवा जत्थ य किस्संति, नाय संगेहिं मुच्छिया ॥

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 2 पृ. 1051]

— ***सूत्रकृतांग 1/3/2/12***

उपसर्ग आने पर ज्ञातिजनों के स्नेह-सम्बन्ध में आसक्त हुए निर्बल-कायर साधक अन्त में घोर क्लेश पाते हैं ।

214 अज्ञ मरियल बैल

तत्थ मंदा विसीयंति, उज्जाणंसि व दुब्बला ।

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 2 पृ. 1052]

— ***सूत्रकृतांग - 1/3/2/20***

अज्ञानी साधक उच्च संयममार्ग पर प्रयाण करने में वैसे ही (मनोदुर्बल) दुर्बल होकर बैठ जाते हैं जैसे ऊँची चढाई के मार्ग में मरियल बैल दुर्बल होकर बैठ जाते हैं ।

215 अज्ञानी-साधक-बूढ़ा बैल

तत्थ मंदा विसीयंति उज्जाणंसि जरग्गवा ।

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 2 पृ. 1052]

— ***सूत्रकृतांग 1/3/2/21***

अज्ञानी साधक संकटकाल में उसीप्रकार खेदखिन्न हो जाते हैं जिसप्रकार बूढ़े बैल चढ़ाई के मार्ग में ।

216 स्वप्रतिष्ठा से बचो

णो विय पूयण पत्थए सिया ।

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 2 पृ. 1053]

— ***सूत्रकृतांग 1/2/2/16***

अपनी पुजा-प्रतिष्ठा के प्रार्थी मत बनो ।

217 मोक्ष-मार्ग-समर्पित

पणया वीरा महाविहिं, सिद्धिपहं णेयाउयं धुवं ।

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 2 पृ. 1053]

— ***सूत्रकृतांग - 1/2/1/21***

जो मुक्ति-मार्ग की ओर ले जानेवाला और ध्रुव है; वीरपुरुष उस महामार्ग के प्रति समर्पित होते हैं ।

218 आत्म-निग्रह

चेच्चा वित्तं च णायओ, आरंभं च सुसंवुडे चरेज्जासि ।

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 2 पृ. 1053]

— ***सूत्रकृतांग 1/2/1/22***

साधक धन-ज्ञातिजन एवं आरम्भ को छोड़कर आत्म-निग्रही होता हुआ विचरण करें ।

219 मोह मुग्ध

मोह जंति नरा असंवुडा ।

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 2 पृ. 1053]

— ***सूत्रकृतांग - 1/2/1/20***

